रोहतक
रविवार, 24 मार्च, 2024
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्दशी वर्ष : 28, अंक : 57
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 33.2
न्यून. 14.6

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



05 कुरैन की फिफ्टी, 4 विकेट से जीता पंजाब, फीकी रही पंत की वापसी




## हरियाणा कैबिनेट की बैठक में सरसों गेहूं खरीद पर चर्चा


# सीएम बोले-4 जून को आचार संहिता हटेगी, हमारी सरकार के पास 95 दिन

## सरकार ने इसके लिए रोडमैप तैयार किया, हमें कैसे आगे बढ़ना है इसकी पूरी तैयारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा मंत्रिमंडल विस्तार और मंत्रियों के पोर्टफोलियो आवंटन के बाद सीएम नायब सैनी की पहली कैबिनेट मीटिंग हुई। कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि सभी विभाग के मंत्रियों को बधाई दी है। सभी मंत्रियों ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पास किया है। हरियाणा प्रदेश लगातार विकास में आगे बढ़ रहा है। अभी आचार संहिता लगी हुई है, पानी और बिजली की प्रदेश में कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। गेहूं की खरीद भी शुरू होने वाली है, और सरसों की खरीद भी 26 मार्च से शुरू होने वाली है। इस खरीद को लेकर किसी प्रकार की कोई समस्या दिक्कत ना आए तो इसको लेकर भी चर्चा की गई है। 4 जून को आचार संहिता हटेगी और उसके बाद हमारी सरकार के पास 95 दिन हैं। इन दिनों के लिए सरकार ने रोडमैप तैयार कर लिया है, हमें कैसे आगे बढ़ना है, इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है।

पानी और बिजली की प्रदेश में कोई दिक्कत नहीं आने देंगे
■
सरसों की खरीद 26 मार्च से गेहूं खरीद एक अप्रैल से होगी
■
मंडियों में किसानों को खरीद को लेकर कोई परेशानी नहीं आने देंगे



### मीटिंग का नहीं मिलेगा आधिकारिक ब्योरा

सूबे के नए मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री सहित 14 कैबिनेट और राज्य मंत्रियों को शामिल किया गया है। इसमें छह कैबिनेट मंत्री और 7 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) शामिल हैं। इस कैबिनेट में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी महज ऐसे फैसले ले सकते हैं, जो आचार संहिता के दायरे में नहीं आएंगे। हरियाणा में लोकसभा चुनाव तारीखों की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता लागू है और ऐसे में कई चीजों पर पाबंदी लगी हुई है। आचार संहिता लग जाने के कारण कैबिनेट मीटिंग आधिकारिक तौर पर कोई ब्योरा भी नहीं दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### सदगुरु की सेहत में सुधार अस्पताल में लिखी कविता

**नई दिल्ली।** सर्जरी के बाद सदगुरु जग्गी वासुदेव की सेहत में सुधार है। उन्होंने कविता लिखी है। एक्स पर उन्होंने कविता शेयर की। शीर्षक है 'लॉस्ट मी इन यू'। उन्होंने लिखा, 'अत्यधिक दर्द और आनंद में, अति-उत्साह और समभाव में...अंदर की यांत्रिकी को जानने के इस विज्ञान ने मुझे एक पल के लिए भी निराश नहीं किया। एजेंसी

### पीएम मोदी ने भूटान में आधुनिक अस्पताल का उद्घाटन किया



**थिम्पू(भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भूटान के उनके समकक्ष शेरिंग टोबगे ने यहां भारत के सहयोग से निर्मित एक आधुनिक अस्पताल का उद्घाटन किया, जो महिलाओं और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराएगा। 'ग्याल्त्सुएन जेत्सुन पेमा वांगचुक मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल' 150 बिस्तर वाला आधुनिक सुविधाओं से लैस अस्पताल है, जिसे थिम्पू में भारत सरकार के सहयोग से बनाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "ग्याल्त्सुएन जेत्सुन पेमा वांगचुक मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल का उद्घाटन किया जो गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल देते हुए कई परिवारों के लिए उम्मीद की किरण है।" (पेज-8 भी देखें)

### होली बाद बदलेगा बांके बिहारी के दर्शन का समय



**वृंदावन।** होली के बाद पड़ने वाली चैत्र कृष्ण पक्ष की द्वितीया 27 मार्च बुधवार से दर्शन के लिए पट सुबह 7.45 बजे खुलेंगे और दोपहर को 12 बजे बंद होंगे। इसी तरह शाम को मंदिर के पट 5.30 बजे खुलेंगे और रात को 9.30 बजे शयनभोग आरती के बाद पट बंद कर दिए जाएंगे। सुबह एक घंटे पहले खुलेंगे दर्शन और शाम को एक घंटे देर से पट बंद होंगे। एजेंसी

### लद्दाख में फंसे 300 लोगों को बचाया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में भारी हिमपात के कारण विभिन्न स्थानों पर फंसे हुए 328 लोगों को भारतीय वायु सेना ने शनिवार को हवाई मार्ग से सुरक्षित बचा लिया। वायु सेना के एक अधिकारी के मुताबिक 22 जनवरी को शुरू होने के बाद से नागरिक प्रशासन के समन्वय से वायुसेना द्वारा 'कारगिल कूरियर' सेवा के तहत अब तक कुल 3,442 लोगों को बचाया है।

### पुरी के जगन्नाथ मंदिर में विदेशी महिला हिरासत में

**पुरी।** ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ मंदिर में एक विदेशी महिला को हिरासत में लिया गया। महिला पोलैंड की रहने वाली है। एडिशनल एसपी सुशील कुमार मिश्रा ने बताया कि मंदिर के एक सेवादार ने महिला को मंदिर में बैशीपहाचा के पास देखा और पुलिस को सूचना दी। श्रीजगन्नाथ मंदिर अधिनियम, 1955 के तहत मंदिर में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध है। इसलिए महिला को हिरासत में लिया है। भाषा

## दिल्ली शराब घोटाला — जेल में ही मनेगी दिल्ली के सीएम की होली

# गिरफ्तारी व रिमांड के खिलाफ हाईकोर्ट गए केजरीवाल, तुरंत सुनवाई से इनकार

- वकील बोले- दोनों फैसले अवैध, रिहाई के हकदार
- कोर्ट बोला, सुनवाई होली की छुट्टियों के बाद करेंगे
- अभी 28 तक ईडी की रिमांड पर हैं अरविंद
- पत्नी सुनीता ने केजरी का संदेश सुनाया, जल्द बाहर आएंगे

**नई दिल्ली (भाषा/एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े एक धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की गई गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए शनिवार को दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया है। आम आदमी पार्टी (आप) के सूत्रों ने बताया कि उनकी कानूनी टीम उच्च न्यायालय से मामले की तत्काल सुनवाई करने का अनुरोध किया, लेकिन दिल्ली हाईकोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और रिमांड के मामले पर अर्जेंट सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि होली की छुट्टी है। बुधवार को कोर्ट खुलने पर ही इस केस की सुनवाई होगी। अब दिल्ली के सीएम केजरीवाल की होली ईडी की हिरासत में जेल में ही मनेगी। बता दें कि पीएमएलए कोर्ट ने 'विस्तृत और निरंतर पूछताछ के लिए' शुक्रवार को केजरीवाल को 28 मार्च तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया था। केजरीवाल ने अपनी याचिका में दलील दी कि उनकी गिरफ्तारी और हिरासत अवैध थी तथा वह तुरंत हिरासत से रिहा किए जाने के हकदार हैं। केजरीवाल को ईडी ने बृहस्पतिवार रात को गिरफ्तार किया था।

### भाजपा वालों से नफरत न करें : केजरीवाल



शनिवार दोपहर केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने वीडियो मैसेज में केजरीवाल का संदेश पढ़कर सुनाया। 3 मिनट 21 सेकेंड के इस संदेश में कहा गया कि अब तक मैंने बहुत संघर्ष किया है, आगे भी मेरी जिंदगी में बड़े संघर्ष लिखे हैं। आप कार्यकर्ताओं से अपील है कि मेरी गिरफ्तारी की वजह से भाजपा वालों से नफरत न करें। इस संदेश में उन्होंने जल्द जेल से बाहर आने का भरोसा दिखाया है और कहा कि कोई जेल मुझे ज्यादा दिन कैद नहीं रख सकती, जल्द बाहर आऊंगा। (पेज-4 भी देखें)

### टिप्पणी पर जर्मनी दूतावास के उप प्रमुख तलब

भारत ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर जर्मनी के विदेश मंत्रालय की टिप्पणी के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जर्मन दूत जॉर्ज एनजवीलर को विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने तलब किया और बताया कि केजरीवाल की गिरफ्तारी पर जर्मन विदेश मंत्रालय की टिप्पणी भारत की न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप है। कोई भी 'पूर्वाग्रह वाली पूर्वधारणा' बिल्कुल अवांछित है। जर्मनी के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने केजरीवाल की गिरफ्तारी का संज्ञान लिया था। जर्मन अधिकारी ने कहा था, 'हमारा मानना है और उम्मीद करते हैं कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता से जुड़े मानक और मूलभूत लोकतांत्रिक सिद्धांत भी इस मामले में लागू होंगे।'

### आप कार्यालय सील किया निर्वाचन आयोग के समक्ष उठाएंगे मामला : आतिशी



आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने दावा किया कि दिल्ली में पार्टी का कार्यालय 'सील' कर दिया गया है। पार्टी निर्वाचन आयोग के समक्ष इसकी शिकायत करेगी। आतिशी ने 'एक्स' पर पोस्ट में पार्टी कार्यालय को 'सील' करने पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह संविधान द्वारा प्रदत्त 'समान अवसरों' के खिलाफ है। 'लोकसभा चुनाव के दौरान एक राष्ट्रीय पार्टी के कार्यालय को कैसे बंद किया जा सकता है? यह भारतीय संविधान में दिए 'समान अवसर' के खिलाफ है। हम इसके खिलाफ शिकायत करने निर्वाचन आयोग जाएंगे।



### कविता का भतीजा भी शराब 'घोटाले' में शामिल : ईडी

तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के परिवार के लिए आने वाले दिनों में परेशानी और बढ़ सकती है, क्योंकि ईडी ने आरोप लगाया कि बीआरएस नेता के. कविता का एक भतीजा दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गैर-कानूनी रकम या अपराध से अर्जित आय को इधर-उधर करने में 'शामिल' है। केंद्रीय एजेंसी ने पीएमएलए की विशेष अदालत की न्यायाधीश कावेरी बावेजा को सूचित किया कि उनके रिश्तेदार मेका श्री सरन की भूमिका सामने आने के बाद सरन के परिसरों की तलाशी ली।

**26 मार्च तक हिरासत में**

कविता को ईडी ने 15 मार्च को गिरफ्तार किया था। शनिवार को उनकी हिरासत बढ़ाने के लिए उन्हें अदालत में पेश किया गया था। अदालत ने कविता को 26 मार्च तक एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। अब इनकी होली भी जेल में ही मनेगी।

## हिमाचल में कांग्रेस के छह बागी और तीन निर्दलीय विधायक भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली (भाषा)।** हिमाचल प्रदेश में लगातार बढ़ते राजनीतिक संकट के बीच कांग्रेस के छह अयोग्य विधायक और इस्तीफा दे चुके तीन निर्दलीयों समेत नौ पूर्व विधायक शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। इन सभी को उपचुनाव में भाजपा की ओर से टिकट का ऑफर दिया गया है। पूर्व विधायकों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि उसके सत्ता में आने के बाद से विकास कार्य बाधित हो गए हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह और भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष राजीव बिंदल की उपस्थिति में पूर्व विधायक पार्टी में शामिल हुए। इन पूर्व विधायकों का पार्टी में स्वागत करते हुए ठाकुर ने कहा कि उनकी उपस्थिति से भाजपा और मजबूत होगी।

भाजपा ने सभी को उपचुनाव में पार्टी के टिकट का ऑफर दिया
■
अनुराग ठाकुर ने पटका पहनाकर पार्टी ज्वाईन करवाई
■
इन विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोट किया था

### ये विधायक शामिल

कांग्रेस के जो छह बागी विधायक भाजपा में शामिल हुए हैं उनमें सुधीर शर्मा, रवि ठाकुर, राजेंद्र राणा, इंद्र दत्त लखनपाल, चैतन्य शर्मा और देवेंद्र कुमार भुट्टो शामिल हैं। ये सभी कांग्रेस के टिकट पर निर्वाचित हुए थे और इन्हें हिमाचल प्रदेश विधानसभा में उपस्थित रहने तथा कटौती प्रस्ताव व बजट के दौरान राज्य सरकार के पक्ष में मतदान करने के पार्टी के एक व्हिप की अवज्ञा करने के लिए 29 फरवरी को अयोग्य करार दिया गया था। तीन निर्दलीय विधायकों - आशीष शर्मा, होशियार सिंह और के एल ठाकुर ने शुक्रवार को अपने इस्तीफे सौंपे थे और वे भी भाजपा में शामिल हो गए हैं।

## बड़ी वारदात, सबने की कड़ी निंदा

# मॉस्को आतंकी हमले में अब तक 143 की मौत



एजेंसी ▶▶| मॉस्को

रूस की राजधानी मॉस्को में शुक्रवार को हमलावरों ने एक बड़े समारोह स्थल पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें तीन बच्चों समेत 115 लोगों की मौत हो गई। इस हमले के बाद 11 लोगों को हिरासत में लिया गया है। हमलावरों ने गोलीबारी के बाद समारोह स्थल को आग लगा दी। इस्लामिक स्टेट आतंकवादी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' के अनुसार, संघीय सुरक्षा सेवा के प्रमुख ने शनिवार को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बताया कि हिरासत में लिए गए 11 लोगों में से चार लोग सीधे इस हमले में शामिल थे। कुछ दिन पहले ही देश में हुए चुनाव में जीत हासिल कर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सत्ता पर अपनी पकड़ को और मजबूत किया था। (पेज-8 भी देखें)

सुरक्षाबलों ने 11 संदिग्धों को हिरासत में लिया , रूस बोला-हम खून का बदला खून से लेंगे
■
आईएसआईएस ने ली जिम्मेदारी, हमलावरों ने गोलीबारी के बाद समारोह स्थल को आग लगाई
■
पीएम मोदी ने हमले की कड़ी निंदा की, गहरा दु:ख जताया

### यह कहा आईएस ने

आईएसआईएस ने सोशल मीडिया पर संबद्ध चैनलों पर साझा किए गए बयान में हमले की जिम्मेदारी ली। इस्लामिक स्टेट समूह ने एक बयान के जरिए कहा कि उसने मॉस्को के बाहरी इलाके क्रास्नोगोर्स्क में 'ईसाइयों' की एक बड़ी सभा पर हमला किया, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए और घायल हो गए।

### पीएम मोदी ने दु:ख जताया

पीएम नरेंद्र मोदी ने घटना पर दु:ख जताया है। उन्होंने कहा- हम मॉस्को में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हैं। हमारी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। दु:ख की इस घड़ी में भारत, रूस की सरकार और लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

### मुहतोड़ जवाब देंगे : मेदवेदेव

रूस के पूर्व राष्ट्रपति और नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के डिप्टी चेयरपर्सन दिमित्री मेदवेदेव ने कहा कि रूस खून का बदला खून से लेगा। आतंकवादी सिर्फ आतंक की भाषा ही समझते हैं। जब तक बल का मुकाबला बल से नहीं किया जाता दहशतगर्द नहीं मानते। हम इन आतंकियों को मुहतोड़ जवाब देंगे।

# इस साल से ही तीसरी से छठी कक्षा के लिए नया पाठ्यक्रम

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) एक अप्रैल से शुरू हो रहे शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए तीसरी से छठी कक्षा को लेकर नया पाठ्यक्रम व पाठ्यपुस्तकें जारी करेगी। अन्य कक्षाओं के पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों में कोई बदलाव नहीं होगा। सीबीएसई के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने संबद्ध स्कूलों को भेजे एक पत्र में कहा कि एनसीईआरटी ने उसे सूचित किया है

### सीबीएसई ने स्कूलों को जारी किया पत्र

कि तीसरी से छठी कक्षा के लिए नए पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों पर काम हो रहा है और जल्द ही ये जारी की जाएंगी। सीबीएसई के निदेशक (शैक्षणिक) जोसेफ इमैनुएल ने कहा, 'स्कूलों को सलाह दी जाती है कि वे वर्ष 2023 तक एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित पाठ्यपुस्तकों के स्थान पर तीसरी से छठी कक्षा के लिए इन नए पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों को अपनाएं।'

### संक्षिप्त दिशा निर्देश जारी

पत्र में कहा, 'छठी कक्षा के लिए ब्रिज कोर्स और तीसरी कक्षा के लिए संक्षिप्त दिशानिर्देश एनसीईआरटी द्वारा तैयार कर रही है, ताकि छात्रों को नई शैक्षणिक व्यवस्था और नए पाठ्यक्रम ढांचे, 2023 के अनुरूप अध्ययन में सुगमता हो। एनसीईआरटी से सामग्री प्राप्त होने के बाद ये सभी स्कूलों को ऑनलाइन भेजी जाएगी।'

# महुआ के ठिकानों पर सीबीआई ने छापे मारे

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित तौर पर पैसे लेकर सवाल (कैश फॉर क्वेरी केस) पूछने के मामले में शनिवार को कोलकाता समेत विभिन्न स्थानों पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के ठिकानों पर छापे मारे। इसी केस में महुआ की 8 दिसंबर 2023 को सांसदी गई थी। दरअसल, लोकपाल ने 19 मार्च को केश फॉर क्वेरी केस को लेकर सीबीआई को जांच करने के आदेश दिए थे। साथ ही कहा था कि 6 महीने में केस की रिपोर्ट फाइल कीजिए और हर महीने स्टेटस रिपोर्ट भी पहुंचाइए।



लोकपाल के आदेश के बाद एजेंसी की कार्रवाई कैश फॉर क्वेरी मामले में गई थी सांसदी

### 21 को एफआईआर दर्ज

लोकपाल के आदेश के बाद सीबीआई ने 21 मार्च को महुआ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। महुआ ने 2016 में पहला चुनाव पश्चिम बंगाल के करीम नगर विधानसभा से जीता था। 2019 में टीएमसी के टिकट पर कृष्णानगर से लोकसभा चुनाव लड़ी और जीती थीं।

### भोजशाला में दूसरे दिन 10 घंटे चला एएसआई का सर्वे

**धार(एजेंसी)।** धार की भोजशाला में एएसआई का वैज्ञानिक सर्वे शनिवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। दिल्ली व भोपाल से आई एएसआई की टीम ने 10 घंटे तक सर्वे कार्य किया। शनिवार सुबह एएसआई के वकील हिमांशु जोशी, हिंदू पक्ष की ओर से आशीष गोयल और गोपाल शर्मा सर्वे टीम के साथ भोजशाला पहुंचे थे। कमाल मौलाना वेलफेयर सोसाइटी के समद खान भी आए थे। परिसर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। यहां पर्यटकों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। इस क्षेत्र की निगरानी 60 कैमरों की मदद से की जा रही है। सर्वे टीम ने भोजशाला के पिछले हिस्से में मजदूरों से फावड़े की मदद से सफाई करवाई।

## सख्ती — पुलिस की नाकामी, प्रिवेंटिव डिटेंशन का बहाना न बने

### सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना हाईकोर्ट का आदेश रद किया

# ऐहतियातन हिरासत में लेने का मनमाना चलन खत्म हो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रिवेंटिव डिटेंशन (सुरक्षा के लिहाज से हिरासत में रखना) का चलन तुरंत खत्म किया जाना चाहिए, क्योंकि ये शक्तियों का मनमाना इस्तेमाल है। सुप्रीम कोर्ट ने एक कैदी की अपील को खारिज करने वाले तेलंगाना हाईकोर्ट के आदेश को रद करते हुए यह बात कही। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने कहा कि प्रिवेंटिव डिटेंशन का कॉन्सेप्ट यह था कि किसी आरोपित को हिरासत में इसलिए रखें, ताकि उसे अपराध करने से रोका जा सके। जस्टिस पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा ने कहा कि कानून-व्यवस्था की स्थिति से निपटने में पुलिस की नाकामी प्रिवेंटिव डिटेंशन को लागू करने का बहाना नहीं होनी चाहिए।

### हाईकोर्ट के फैसले को दी थी चुनौती



याचिकाकर्ता को 12 सितंबर 2023 को तेलंगाना में राचाकोंडा पुलिस आयुक्त के आदेश पर खतरनाक गतिविधियों की रोकथाम अधिनियम 1986 के तहत गिरफ्तार किया गया था। चार दिन बाद तेलंगाना हाईकोर्ट हिरासत आदेश पर सवाल उठाने वाली याचिका खारिज कर दी थी। नेनावथ बुज्जी नाम के इस शख्स को तेलंगाना पुलिस ने चेन स्नैचिंग के आरोप में हिरासत में लिया था। इस पर आरोप था कि उसने इलाके में कानून व्यवस्था का उल्लंघन किया है।

### सलाहकार बोर्ड सावधानी से काम करे

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून में यह साफ लिखा है कि प्रिवेंटिव डिटेंशन से जुड़े किसी भी अधिनियम के तहत पावर्स का इस्तेमाल बहुत सावधानी के साथ किया जाना चाहिए। यदि सलाहकार बोर्ड की रिपोर्ट कहती है कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति को कस्टडी में रखने के लिए कोई पर्याप्त कारण मौजूद नहीं है तो उसे रिहा कर दिया जाना चाहिए। डकैती जैसे अपराध पर केवल 2 एफआईआर होना और कानून के तहत उसके गुंडा घोषित किए जाने पर हिरासत में रखने का आधार नहीं बनाया जा सकता।





## विजय संकल्प रैली आज सीएम होंगे मुख्य अतिथि

**चंडीगढ़।** तावडू में रविवार को होने वाली विजय संकल्प रैली की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। तावडू की अनाज मंडी में होने वाली इस रैली में मुख्यमंत्री नायब सैनी मुख्य अतिथि होंगे। रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा ने स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं को विभिन्न प्रकार की जिम्मेदारियां दे दी है। रैली में नवनियुक्त राज्यमंत्री संजय सिंह के अलावा तमाम बीजेपी के बड़े नेता मौजूद रहेंगे।

## 85,000 की रिश्वत लेते जेई को रंगे हाथों दबोचा

**चंडीगढ़।** हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम करनाल के सेक्टर 6 में कार्यरत बिजली विभाग के जेई दलबीर सिंह को 85000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी द्वारा शिकायतकर्ता से निर्धारित लोड से अधिक क्षमता के ट्रांसफार्मर को इंस्टॉल करने के बदले में रिश्वत की मांग की जा रही थी।

## रेरा ने 20 बिल्डरों की जमानत राशि जब्त की

**चंडीगढ़।** हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) ने पंजीकरण नियमों का पालन नहीं करने पर गुरुग्राम के 20 बिल्डरों की करीब सात करोड़ रुपये की जमानत राशि जब्त कर ली है। रेरा (गुरुग्राम) ने एक आदेश में कहा कि रियल एस्टेट प्रवर्तकों को सशर्त परियोजना पंजीकरण प्रमाणपत्र दिए गए थे। हालांकि, वे तय समय के भीतर शर्तों को पूरा करने में विफल रहे।

## वाड्रा ने माता मनसा देवी मंदिर में किए दर्शन

**चंडीगढ़।** सोनिया गांधी के दामाद और व्यापारी रॉबर्ट वाड्रा ने बीती रात धार्मिक यात्रा के अंतर्गत पंचकूला श्री माता मनसा देवी मंदिर में मां के चरणों में शीश नवाया और आशीर्वाद लिया। इसके बाद रॉबर्ट वाड्रा पंचकूला के गुरुद्वारा श्री नाडा साहिब में पहुंचकर माथा टेका। भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव प्रियंका गांधी के पति और व्यापारी रॉबर्ट वाड्रा ने पंचकूला में मीडियाके लोगों से बताचीत की। राबर्ट वाड्रा ने कहा कि भाजपा की हमेशा से नियत खराब रही है। हालांकि अरविंद केजरीवाल को भी ईडी के समक्ष पेश होना चाहिए था। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने 9 बार सम्मन भेजा था।

# सीएम नायब सिंह सैनी ने नवनियुक्त मंत्रियों को ग्रहण करवाया पदभार

## प्रदेशवासियों को होली के पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने मंत्रिमंडल की बैठक के उपरांत नवनियुक्त मंत्रियों को उनके कार्यालय में औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण करवाया और सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। नायब सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ कमल गुप्ता, स्कूल व उच्चतर शिक्षा राज्य मंत्री सीमा त्रिखा, विकास एवं पंचायत राज्य मंत्री महिपाल ढांडा, परिवहन राज्य मंत्री असीम गोयल न्योला, सिंचाई एवं जल संसाधन राज्य मंत्री डॉ अभय सिंह यादव, शहरी स्थानीय निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा, सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं अंत्योदय (सेवा) राज्य मंत्री बिशम्बर सिंह और पर्यावरण, वन एवं वन्य प्राणि राज्य मंत्री संजय सिंह को पदभार ग्रहण करवाया। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवर पाल, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री मूल चंद शर्मा, ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह, वित्त मंत्री जेपी दलाल और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ बनवारी लाल भी उपस्थित रहे। शनिवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में प्रदेशवासियों को होली के पर्व पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और रंगों के त्योहार को खुशी से मनाने की कामना की गई।



चंडीगढ़। राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने शहरी स्थानीय निकाय मंत्रालय का संभाला पदभार।

## नए सिरे से मंत्रियों को विभागों का बंटवारा मुख्यमंत्री के पास सबसे अधिक विभाग

**चंडीगढ़।** आखिरकार शुक्रवार देर रात में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने विचार मंथन के बाद में नए सिरे से विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। सीएम और भाजपा प्रदेश प्रमुख नायब सैनी द्वारा राज्य का मुख्यमंत्री पद संभालने के 11 दिन बाद बीती रात मंत्रियों में विभागों का बंटवारा करने के साथ ही सूची जारी कर दी गई है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने गृह, राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग और आबकारी और कराधान विभाग सहित 13 महकमे अपने पास रखे हैं। पूर्व सीएम मनोहरलाल वित्त विभाग की कमान खुद संभाल रहे थे, लेकिन अब यह कृषि और पशुपालन मंत्री रहे जेपी दलाल नए वित्त मंत्री बनाए गए हैं।

### सीएम के पास महकमे

- गृह
- राजस्व एवं आपदा प्रबंधन
- आबकारी एवं कराधान
- युवा सशक्तीकरण एवं उद्यमिता
- सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति
- विदेशी सहयोग
- न्याय प्रशासन
- खान एवं भूविज्ञान
- सामान्य प्रशासन
- सीआइडी
- कार्मिक एवं प्रशिक्षण
- राजभवन मामले
- विधि एवं विधायी
- (कोई अन्य विभाग जो किसी अन्य मंत्री को आवंटित न हो)

### कंवर पाल, कैबिनेट मंत्री

- कृषि एवं किसान कल्याण
- पशुपालन एवं डेयरी
- मत्स्य पालन
- संसदीय मामले
- आतिथ्य सत्कार
- विरासत एवं पर्यटन

### रणजीत चौटाला, कैबिनेट मंत्री

- बिजली
- जेल

### डॉ. बनवारी लाल, कैबिनेट मंत्री

- पब्लिक हेल्थ
- पीडब्ल्यूडी (भवन एवं सड़कें)
- वास्तुकला

### सीमा त्रिखा, राज्य मंत्री

- स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार)
- उच्च शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार)

### असीम गोयल, राज्य मंत्री

- परिवहन (स्वतंत्र प्रभार)
- महिला एवं बाल विकास (स्वतंत्र प्रभार)

### डा. अभय यादव, राज्य मंत्री

- सिंचाई एवं जल संसाधन (स्वतंत्र प्रभार)
- सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण (स्वतंत्र प्रभार)

### संजय सिंह, राज्य मंत्री

- पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव (स्वतंत्र प्रभार)
- खेल (स्वतंत्र प्रभार)

### मूलचंद शर्मा, कैबिनेट मंत्री

- उद्योग एवं वाणिज्य
- श्रम
- खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले
- चुनाव

### जय प्रकाश दलाल, कैबिनेट मंत्री

- वित्त विभाग
- योजना
- .नगर एवं ग्राम नियोजन एवं शहरी संपदा
- अभिलेखागार

### डा. कमल गुप्ता, कैबिनेट मंत्री

- स्वास्थ्य
- चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान
- आयुष
- नागरिक उड्डयन

### महिपाल ढांडा, राज्य मंत्री

- विकास एवं पंचायत (स्वतंत्र प्रभार)
- सहकारिता (स्वतंत्र प्रभार)

### सुभाष सुधा, राज्य मंत्री

- शहरी स्थानीय निकाय (स्वतंत्र प्रभार)
- सभी के लिए आवास (स्वतंत्र प्रभार)

### विशंभर वाल्मीकि, राज्य मंत्री

- सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं अंत्योदय (सेवा) (स्वतंत्र प्रभार)
- मुद्रण एवं लेखन सामग्री (स्वतंत्र प्रभार)

## शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे आप कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज किया: ढांडा

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कहा कि जिस तरीके से देश में



तानाशाही का माहौल है, उसके लक्षण स्पष्ट नजर आ रहे हैं। विरोधी पार्टियों के नेताओं को झूठे केस में फंसा कर जेल में डाला देना। कोई शांतिपूर्ण प्रदर्शन करे, उसके साथ तानाशाह जैसा व्यवहार करना। ये तमाम वो चीज़ें हैं जो देश को तानाशाही की तरफ ले जा रही हैं। उन्होंने कहा की मेरे साथ रिंकू जी और धर्मपाल लाट बैठे हैं और मेरे भी सिर पर पट्टी बंधी है। इसके अलावा 54 ऐसे लोग हैं, जिनके सिर फोड़े गए हैं या हाथ या पैर में फ्रेक्चर है। ये बर्बरता हरियाणा पुलिस के द्वारा कुरुक्षेत्र में की गई। अरविंद केजरीवाल को झूठे केस में जेल में बंद किया गया है। इनके पास कोई भी सुबूत नहीं है, इनके पास कोई भी कानूनी अधिकार नहीं था। इसके बावजूद रात के अंधेरे में सिटिंग सीएम को गिरफ्तार कर लिया गया।

## राज्यपाल ने डॉ राममनोहर लोहिया को दी श्रद्धांजलि



**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आज राजभवन में भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के महान सेनानी, प्रखर चिन्तक तथा समाजवादी राजनेता डॉ राममनोहर लोहिया की पावन जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पमाला चढाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव अतुल द्विवेदी, आईएएस, एडीसी अमित यशवर्धन, आईपीएस, ओएसडी बखविंदर सिंह, सीडीएच जगननाथ बैंस व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

प्रदेश में होली पर डीजीपी के सख्त आदेश

# हुड़दंग मचाने वालों के लिए पैदल गश्त करेगी पुलिस

- होली के त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए डीजीपी ने आमजन से की अपील
- सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला पुलिस अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

होली के पावन पर्व के अवसर पर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों में आमजन की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है ताकि लोग शांतिपूर्ण तथा सौहार्दपूर्ण तरीके से होली के पावन पर्व का आनंद ले सके। डीजीपी ने कहा कि धार्मिक स्थलों पर रंग फेंकने, शराब पीने के बाद दुर्व्यवहार करने, छेड़छाड़ करने, जबरदस्ती डोनेशन लेने और ध्वनि प्रदूषण जैसी संभावित समस्याओं को देखते हुए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

### खुफिया जानकारी जुटाएं

जारी दिशा निर्देशानुसार प्रदेश में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाएगा। इसके साथ ही किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए खुफिया जानकारी जुटाएं जाएं।

### गश्त बढ़ाई जाए

हुड़दंगबाजी को रोकने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस की पैदल और मोबाइल गश्त बढ़ाई जाएगी। सभी जिलों में स्थापित किए गए पुलिस नियंत्रण कक्ष भी अलर्ट पर रहेंगे।

### नशे करने वालो पर सख्त कार्रवाई

सार्वजनिक रूप से शराब पीने और नशे में गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। होली के कार्यक्रमों और जुलूसों के आयोजकों को लाउडस्पीकर के माध्यम से अश्लील या उत्तेजक गीत/नारे बजाने के खिलाफ चेतावनी दी गई है।

### सोशल मीडिया की निगरानी

किसी भी भड़काऊ या आपत्तिजनक कंटेंट की पहचान करने और उसे हटाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म और मैसेजिंग ऐप की बारीकी से निगरानी की जाएगी।

### छेड़छाड़ करने वालों पर हो सख्ती

उत्सव के दौरान छेड़छाड़ आदि को रोकने के लिए समर्पित प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान विशेष रूप से महिलाओं तथा लड़कियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए है।

## रोडवेज बस में सवार होकर चंडीगढ़ निकले परिवहन मंत्री असीम गोयल, लिया टिकट



**चंडीगढ़/ अंबाला।** राज्य मंत्री और अंबाला शहर विधायक असीम गोयल ने बेहतर पहल करते हुए शनिवार को बस से सामान्य ग्रात्रियों की तरह यात्रा की। उन्हें परिवहन और महिला विकास मंत्री बनाया गया है। यह फैसला बीतीरात ही शुक्रवार को हुआ। इसके बाद शनिवार सुबह हरियाणा के परिवहन मंत्री बनते ही असीम गोयल पहली कैबिनेट की मीटिंग में शामिल होने के लिए चंडीगढ़ अपनी गाड़ी से न जाकर सरकारी बस से गए। इस दौरान उन्होंने सभी साथियों की टिकट कटवाई और बस में सफर का आनंद लिया। परिवहन मंत्री असीम गोयल ने एक साधारण यात्री की तरह टिकट लेकर सफर की शुरुआत की। बस में अपने सफर के दौरान मंत्री असीम गोयल ने बस में सवार यात्रियों, बस चालक व परिचालक से भी बात की। परिवहन मंत्री असीम गोयल बस में फर्स्ट एड बॉक्स भी चेक किया।

## पीएम मोदी ने लोकतंत्र को खत्म करने की ठानी : डॉ सुशील गुप्ता

**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से 'इंडी' गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने थानेसर विधानसभा के गांव एवं वार्ड में चुनावी यात्रा शुरू की। उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा मौजूद रहे। भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा -पीएम मोदी ने लोकतंत्र खत्म करने की ठान रखी है, ईडी सीबीआई का गलत इस्तेमाल, लोगों की



अभिव्यक्ति पर रोक और हर व्यक्ति को डर के साए में जीने को कर रखा है। लेकिन अब भाजपा के दिन जा चुके हैं। क्योंकि लोकतंत्र को बचाने के लिए ही इंडिया गठबंधन बना है।

## विपक्ष का दमन ही भाजपा का मकसद : कुमारी सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव, हरियाणा कांग्रेस पूर्व प्रदेशाध्यक्ष,



उत्तराखंड प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सैलजा ने कहा कि भाजपा और उसकी केंद्र सरकार लोकतंत्र को कुचलने की हर संभव कोशिश में जुट गई है। विपक्ष का दमन करना ही उसका एकमात्र ध्येय है। तानाशाही पर उतारू हो चुकी केंद्र सरकार विपक्षी नेताओं को किसी न किसी आरोप में जबरन जेलों में ठूंस रही है। अपने विरोधियों के लिए ईडी को हथियार के तौर पर प्रयोग कर उन्हें किसी न किसी केस में उठवा रही है। सैलजा ने कहा कि देश में लोकसभा आम चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अपनी संभावित हार को देखते हुए भाजपा ने विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेताओं को निशाना बनाना शुरू कर दिया है।

## जात-पात की राजनीति कभी नहीं करती कांग्रेस : हुड्डा

**चंडीगढ़।** बीजेपी-जेजेपी ने गठबंधन तोड़ने का सिर्फ एक प्रपंच रचा है और



आज भी दोनों दलों में अंदरूनी सांठगांठ है। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। उन्होंने कहा कि विधानसभा में ही दोनों दलों की सांठगांठ एक्सपोज हो गई थी। क्योंकि, विश्वास प्रस्ताव के दौरान जेजेपी की तरफ से व्हिप जारी करके अपने सभी विधायकों को गैर-हाजिर रहने का आदेश दिया गया था। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कई दलों द्वारा कांग्रेस में शामिल होने के पत्रकारों के सवाल पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि 33 दलों द्वारा दिल्ली में एआईसीसी ऑफिस जाकर इंडिया गठबंधन को बाहर से समर्थन देने की पेशकश की गई है।

**निराशा** चुनाव के परिणाम आने तक नौकरी पाने की उम्मीदों पर फिर गया पानी

# आचार संहिता की तलवार, बेरोजगारों पर भारी, आयोग के बाहर खुले आसमान के नीचे उम्मीदों के सहारे धरने पर बैठे युवा लौटने लगे

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

मिशन लोकसभा-2024 की तारीखों का ऐलान होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता की तलवार लट गई है। इसके साथ ही नौकरी की उम्मीद लगाए खुले आसमान के नीचे व हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के बाहर बैठे युवाओं को भी निराश होना पड़ गया है, क्योंकि चुनाव के परिणाम आने तक प्रक्रिया भी पूरी तरह से थम गई है, यही कारण है कि आयोग के बाहर अलग-अलग ग्रुपों में बैठे युवक-युवतियों को अब लौटना पड़ रहा है। बहरहाल, आयोग के बाहर अलग अलग समूह में बैठे काफी युवा तो लौट गए हैं लेकिन कुछ अभी भी उम्मीद के सहारे अपना समय काट रहे हैं। आयोग के बाहर धरना रत युवाओं में कुछ जहां



**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आय़ोग पंचकूला के बाहर रोजगार की आशा और लंबित मामलों का जल्द निपटारा कराने को लेकर धरने पर बैठे युवा वर्ग।

पुलिस भर्ती को लेकर अपनी कुछ समस्याओं का निवारण चाहते हैं, वहीं बड़ी संख्या में युवा शिक्षा विभाग सहित कईं अन्य विभागों की भर्ती प्रक्रिया लटक जाने के कारण परेशान दिखाई दे रहे हैं। उदाहरण के तौर पर बीती शाम को लौटे युवाओं के एक समूह ने बैनर लगाया हुआ है, जिनकी मांग है कि वोकेशनल वित्त लाइनमैन, इलेक्ट्रीशियन को ग्रुप डबल 22(ए) एमएस के परिणामों में शामिल किया जाए।

रिवाइज परिणाम को जल्द से जल्द जारी किया जाए। इन युवाओं ने एचएसएससी के चेयरमैन, सीएम हरियाणा को पत्र लिखते हुएरोल नंबर सहित बताया है कि उनको दरकिनार कर दिया गया, जबकि वे मैरिट में स्थान रखते थे। इसके अलावा दूसरा ग्रुप आयोग के बाहर टीजीटी-7471 परिवार की एक ही पुकार हमारा परिणाम जल्द जारी करें। इसी तरह से कईं समूहों में बैठे युवाओं की भर्ती प्रक्रिया को आचार संहिता की तलवार ने रोक दिया है, जबकि खुले आसमान के नीचे यह कईं सप्ताह इंतजार में थे।

### किसान आंदोलन ने बिगाड़ा खेल

हरियाणा के कईं जिलों से कुछ युवा इस तरह के भी हैं, जिनका चयन तो हो गया लेकिन किसान आंदोलन के कारण, नेट और फोन कनेक्टिविटी प्रभावित हो रही थी, इस कारण उन्हें सूचना नहीं मिल सकी थी। इसके बाद में इन युवाओं ने सीएम के सियासी सलाहकार के पास जाकर गुहार लगाई थी, जहां से कुछ हद तक राहत मिली है। बहरहाल, नौकरी की लाइन में लगे इन युवाओं की पीड़ा अपनी जगह पर जायज है। लेकिन चुनावी मुहिम भर्ती की गति मंद कर दी है।

### आयोग के चेयरमैन का हो चुका इस्तीफा

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग चेयरमैन भोपाल सिंह खदरी का इस्तीफा हो चुका है, इसके अलावा आयोग में सदस्यों की भी कमी बनी हुई है। इसके कारण भी कामकाज की गति मंद हो गई है। हालांकि राज्य सरकार की ओर से नए चेयरमैन और सदस्यों की नियुक्ति को लेकर प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है।

## अनिल विज ने फुटबाल स्टेडियम के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा अम्बाला छावनी से विधायक श्री अनिल



विज ने आज दोपहर अम्बाला छावनी में निर्माणाधीन फीफा एप्रूव्ड फुटबाल स्टेडियम में पुनः प्रारंभ हुए निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। विज ने निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से निर्माण कार्य को लेकर जानकारी हासिल की। पूर्व मंत्री अनिल विज को बताया कि फुटबाल स्टेडियम में निर्माण कार्य को दो माह में पूरा कर लिया जाएगा और अब कार्य तेजी से किया जा रहा है। स्टेडियम के ऊपरी बड़े ढांचे को पूरा किया जा रहा है।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## महत्वपूर्ण सूचना

दिनांक 25.03.2024 (सोमवार) होली के उपलक्ष्य में दिल्ली क्षेत्र के आरक्षण कार्यालय जो कि मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक/यात्री विपणन के अधीन कार्यरत हैं, उनके कार्य करने हेतु निम्नलिखित प्रबन्ध किये गये हैं:–

**आंशिक सेवा**

(1) आई0आर0सी0ए0 भवन (2) दिल्ली जंक्शन व (3) हज़रत निज़ामुद्दीन आरक्षण कार्यालयों में प्रातः कालीन पारी प्रातः 08:00 बजे से 14:00 बजे तक आंशिक सेवायें उपलब्ध रहेंगी, व सायंकालीन पारी (14:00 से 20:00) बजे तक ये कार्यालय यथावत कार्यरत रहेंगे।

**प्रातः कालीन पारी में निम्न आरक्षण केन्द्र बन्द रहेंगे (08:00 बजे से 14:00 बजे)**

(1) सरोजनी नगर (2) लाजपत नगर (3) ओखला (4) कड़कड़डूमा (5) दिल्ली शाहदरा (6) आदर्श नगर (7) सब्जी मण्डी (8) कीर्ति नगर (9) तुग़लकाबाद (10) शकूरबस्ती (11) रोहिणी (12) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (13) गाजियाबाद एवं (14) नोएडा

उपरोक्त सभी कार्यालय सायंकालीन पारी (14:00 से 20:00 बजे) तक यथावत कार्यरत रहेंगे।

**निम्नलिखित आरक्षण केन्द्र पूरे दिन बन्द रहेंगे**

(1) संसद भवन (2) प्रेस क्लब आफ इण्डिया (3) रेलवे बोर्ड (4) सुप्रीम कोर्ट (5) आई0 आर0 सी0 ए0 भवन आरक्षण केन्द्र नई दिल्ली में स्थित अन्तर्राष्ट्रीय टूरिस्ट ब्यूरो।

निम्नलिखित आरक्षण कार्यालय 25.03.2024 (सोमवार) को प्रातः कालीन पारी (08:00 बजे से 14:00 बजे) में दिल्ली मण्डल पर होली के अवसर पर बन्द रहेंगे : आनंद विहार टर्मिनल (पीआरएस), साहिबाबाद, नया गाजियाबाद, गुड़गांव, पालम, दिल्ली कैंट, दिल्ली सराय रोहिल्ला, फरीदाबाद, बल्लभगढ़, पलवल, नरेला, सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र, कैथल, जींद, मानसा, रोहतक, बहादुर गढ़, नांगलोई, शामली, मुराद नगर, मोदी नगर, मेरठ कैंट, मेरठ सिटी, मुज़फ़्फ़रनगर, खतौली, देवबन्द, बड़ौत, गोहाना, पटौदी रोड, झज्जर, ग्रेटर नोएडा, नोली, साकेत कोर्ट, द्वारका कोर्ट, केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण (सीएटी), शकूर बस्ती, समालखा, गन्नौर, शाहाबाद मारकंडा, जाखल, टोहाना, जुलाना, नरवाना, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (एमटीसी) एवं रोहिणी कोर्ट।

नई दिल्ली (पहाड़ गंज और अजमेरी गेट की तरफ), दिल्ली जं., हज़रत निज़ामुद्दीन, आनंद विहार एवं दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशनों पर वर्तमान आरक्षण कार्यालय हर रोज की तरह सामान्य समयानुसार कार्य करेंगे।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in


रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें :-

908/2024

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव का शहीदी दिवस मनाया

# शंभू बॉर्डर पर चालीस दिन से डटे किसानों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

## अंतरराष्ट्रीय पहलवान पूनिया बोले अगर शहीदों के विचार लेकर चले तो जीत पक्की

- कैथल के बाद 3 दिन अंबाला जिले में कलश यात्रा निकलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों ने शनिवार को शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को श्रद्धांजलि दी। किसान आंदोलन-2 को पूरे 40 दिन हो गए। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के आह्वान पर किसानों की ओर से शंभू व खनौरी बॉर्डर पर शहीदी दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय पहलवान बजरंग पूनिया भी शहीदों को नमन करने पहुंचे थे।

यहां अपने संबोधन में पहलवान बजरंग पूनिया ने कहा कि अगर हम शहीदों की प्रेरणा व विचार लेकर चले गए तो हमें जीतने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि उसके परिवार के सदस्य सड़कों पर बैठे हैं। उन पर बर्बरता पूर्ण अत्याचार किए जा रहे हैं। इतना जुल्म सहने के बावजूद हक की लड़ाई के लिए किसान खुले आसमान के नीचे दिन रात डटे हैं। पूनिया ने कहा कि हमने भी अपनी बेटियों के लिए दिल्ली के जंतर मंतर पर बैठकर लड़ाई लड़ी। केंद्र सरकार बहन बेटियों के साथ किसान-मजदूरों के हकों की अनदेखी कर रही है।

उन्होंने कहा कि यह देखकर बेहद दुख होता है। उन्होंने कहा कि हक की लड़ाई केवल हरियाणा-पंजाब के लोग ही लड़ सकते हैं। किसान केवल सरकार एमएसपी गारंटी कानून की ही डिमांड कर रहे हैं।



अंतर्राष्ट्रीय पहलवान बजरंग पूनिया को सम्मानित करते किसान।

### पूरी तरह किसानों के साथ

उन्होंने मंच से ऐलान किया कि वे पुरजोर तरीके से किसानों की मांगों का समर्थन करते हैं। तन-मन व धन से किसानों के साथ हैं। इस दौरान किसान नेताओं ने कहा कि युवा किसान शुभकरण सिंह ने पूरे देश के किसानों के हितों के लिए अपने जीवन की आहुति दी है। उन्होंने कहा कि शुभकरण भी एमएसपी की गारंटी का कानून बनवाने के लिए, किसानों व मजदूरों का कर्ज मुक्त कराने के लिए, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू कराने की लड़ाई लड़ रहा था। उन्होंने कहा कि शुभकरण की शहादात बेकार नहीं जाएगी। उधर शंभू बॉर्डर से 7 दिन पहले शुरू हुई अस्थि कलश यात्रा पंचकूला, चंडीगढ़, यमुनानगर और कुरुक्षेत्र व करनाल के कई गांव से होते हुए कैथल पहुंच गई है। कैथल के बाद 3 दिन अंबाला जिले में कलश यात्रा निकलेगी।

गुरुग्राम: परिसीमन के बाद इनेलो दे चुकी भाजपा को चुनौती

# मेवात वोट बैंक पर रहेगी जेजेपी की नजर, इनेलो का रह चुका खासा प्रभाव

- इनेलो के दोफाड़ होने के बाद दोनों दलों को उठाना पड़ चुका नुकसाना

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी



राव इन्द्रजीत सिंह



अभय चौटाला



दुष्यंत चौटाला

गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र में मेवात क्षेत्र की तीन विधानसभा सीटों पर मतदाताओं का रुझान भाजपा के पक्ष में अभी तक नहीं बना है। तीनों हलकों में कांग्रेस का दबदबा रहता है, लेकिन बसपा और इनेलो भी इन तीनों हलकों में अच्छा प्रदर्शन कर चुकी हैं। इनेलो से अलग होने के बाद अभय और उनके भतीजे दुष्यंत दोनों को इस क्षेत्र से खाली हाथ रहना पड़ा था। इस बार दुष्यंत चौटाला अपने दादा के पुराने गढ़ में सेंध लगाने के लिए अपना प्रत्याशी मैदान में उतार सकते हैं। अनुमान यह भी लगाया जा सकता है कि जेजेपी इस सीट पर किसी मुस्लिम कंडीडेट को मैदान में उतार सकती है।

### कांग्रेस के लिए प्रदर्शन दोहराना चुनौती

मुस्लिम मतदाताओं पर कांग्रेस की अच्छी पैठ रही है। पिछले चुनावों में तीनों मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर अच्छी बढ़त के कारण ही कैप्टन अजय पांच लाख मतों के करीब पहुंच गए थे। इस सीट पर अगर दुष्यंत पिछले चुनावों की तरह इस बार भी मुस्लिम कंडीडेट को मैदान में उतारते हैं, तो वह सबसे अधिक नुकसान कांग्रेस प्रत्याशी को पहुंचा सकते हैं। साथ ही उनका प्रयास इनेलो के पुराने वोट बैंक को पक्ष में करने का भी रहेगा। इनेलो भी एक बार फिर जनाधार टटोलने के लिए नई रणनीति पर काम कर सकती है।

### भाजपा प्रत्याशी को टक्कर

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों में इनेलो मुस्लिम कार्ड खेलते हुए जाकिर हुसैन को मैदान में उतारा था। मोदी लहर के चलते पार्टी इस सीट पर जीत तो दर्ज नहीं कर पाई, लेकिन पार्टी 20.6 प्रतिशत मतों के साथ भाजपा प्रत्याशी को टक्कर देने में कामयाब रही थी। कांग्रेस इस सीट पर महज 7.25 फीसदी वोट ही हासिल कर सकी थी। वर्ष 2009 के चुनावों में गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र अस्तित्व में आया था। उस समय कांग्रेस ने राव इंद्रजीत सिंह को इस सीट पर मौका दिया था।

इन चुनावों में राव को बसपा प्रत्याशी जाकिर हुसैन से ही चुनौती मिली थी। कांग्रेस को 22.28 प्रतिशत और बसपा को 15.56 प्रतिशत वोट मिले थे। भाजपा प्रत्याशी सुधा को 10.11 फीसदी मतों के साथ तीसरे नंबर पर संतोष करना पड़ा था। पिछले लोकसभा चुनावों में भाजपा ने एक बार फिर राव इंद्रजीत सिंह पर दांव खेला था। कांग्रेस ने पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव को मैदान में उतारा था। भाजपा को लगभग दो तिहाई यानि 60 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिले थे। कांग्रेस 34.2 फीसदी मतों के साथ दूसरे स्थान पर रही थी। मेवात के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी को मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में अच्छे वोट मिले थे। इन चुनावों के बाद से ही राव इंद्रजीत सिंह ने मेवात के तीनों हलकों पर खास नजर रखी हुई है। उन्हें मेवात क्षेत्र में अपने पक्ष में चमत्कार होने की पूरी उम्मीद नजर आ रही है।

### हाशिये पर आए दोनों दल

इनेलो से अलग होकर दुष्यंत ने वर्ष 2018 में जेजेपी का गठन कर लिया था। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में इनेलो और जेजेपी दोनों ने ही अपने उम्मीदवार मैदान में उतारे थे। इन दोनों दलों को मतदाताओं का कोई साथ नहीं मिला। इनेलो इस सीट पर 0.68 प्रतिशत वोटों पर सिमट गई, तो जेजेपी उससे भी कम 0.62 फीसदी मतों तक ही सीमित रही। जेजेपी ने इनेलो की तर्ज पर इस सीट पर मुस्लिम प्रत्याशी के रूप में महमूद खान को मैदान में उतारा था।

# कंपनी में निवेश पर मोटे मुनाफे का झांसा दे लगाया 62.54 लाख का चूना

- सिक्योरटी के तौर पर दिए चैक हस्ताक्षर हुए मिस मैच
- राशि वापस मांगने पर गाली गलौज तथा धमकी देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कंपनी में निवेश करने पर मोटे मुनाफे का झांसा दे लगभग 62 लाख 54 हजार रुपये हड़पने का मामला समाने आया है। सिक्योरटी के तौर पर दिए गए चैकों पर भी हस्ताक्षर फर्जी किए गए थे। जब आरोपितों से राशि मांगी तो उसे बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी गई। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो लोगों के खिलाफ धमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव खरैंटी निवासी दीपक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि फरवरी 2021 में उसका संपर्क आपकी उड़ान कंपनी चलाने वाले गांव राजपुरा भैण निवासी अशोक तथा गांव ढांडी छिल्लर चरखी-दादरी निवासी दिनेश से हुआ। दोनों ने अपनी कंपनी ने गोहाना रोड पर कार्यक्रम किया हुआ था। उन्होंने बताया कि कंपनी मसाले तथा हर्बल प्रोडक्ट बनाती है। उन्होंने बताया कि कंपनी में निवेश करने पर कई गुणा मुनाफा होगा। जिस पर उसने छह लाख 53 हजार का निवेश 27 फरवरी 2021 को किया। जिसके बाद आरोपितों ने उसके खाते मे कुछ राशि डाल कर लालच देते रहे। फिर कंपनी में ग्रोथ बता कर उसकी और राशि का निवेश कंपनी में करवा लिया। इस प्रकार उसने कंपनी मे 62 लाख 53,800 रुपये का निवेश कर लिया। आरोपितों ने उसे 50 लाख रुपये की परनोट भी दिए थे। दो चैक भी उसे सिक्योरटी के तौर पर दिए गए थे। जब निवेश राशि वापस मांगी तो कुछ दिन इंतजार करने के लिए कहा गया। दो साल के बाद वह आरोपितों के अर्बन एस्टेट स्थित कार्यालय में गया तो गाली गलौज की गई और अंजाम भुगतने की धमकी दी।

# पैसे डबल करने का झांसा देकर 3.59 लाख रुपये ठगे

**यमुनानगर।** कंपनी में पैसे निवेश कर डबल करने का झांसा देकर ससौली गोविंद विहार निवासी सुधीर कुमार से तीन लाख 59 हजार रुपये ठग लिए। आरोप पंजाब निवासी विक्रमजीत सिंह चौहान, गोनिवंद बाग निवासी कुलविंद्र सिंह और अंबाला के गुरुदेव मुहल्ला निवासी राहुल पर लगा है। पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सुधीर कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी अपने दोस्त नवीन कुमार के माध्यम राहुल से मुलाकात हुई। आरोपी ने उसे बताया कि वह एग्री बिजनेस जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड अर्बन इस्टेट पटियाला पंजाब में कार्य करता है। कंपनी के एमडी विक्रमजीत सिंह चौहान है। इसमें ही उनके साथ कुलविंद्र सिंह पार्टनर हैं। उनकी कंपनी रुपये डबल करके देती है।

आरोपी ने उसे कंपनी के अलग-अलग प्लान के बारे में बताया। जिसमें कुछ रुपये जमा करने के बाद कुछ माह तक बैंक खाते में रुपये आते रहेंगे। उसने अपने व पत्नी के नाम से दो प्लान लिए। उसमें तीन लाख 59 हजार 700 रुपये कंपनी के बैंक खाता में जमा करा दिए। उसने अपने रिश्तेदारों के भी नौ लाख 26 हजार रुपये कंपनी में जमा करवा दिए। आरोपियों ने पहले तो उनके अकाउंट में कुछ माह पैसे भेजे। मगर बाद में पैसे आने बंद हो गए।

परेशान होकर उसने पुलिस में शिकायत दी।

# हांसी में बीच सड़क महिला ने दिया बच्चे को जन्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

रामनगर कॉलोनी में शनिवार को एक महिला ने बीच सड़क पर बच्चे को जन्म दे दिया। बच्चे को जन्म देने के बाद जच्चा बच्चा को एंबुलेंस की मदद से नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों के स्वस्थ होने पर मामूली उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया। जानकारी के अनुसार 30 वर्षीय रज्जो 9 महीने की गर्भवती थी। चिकित्सकों के अनुसार एक दो दिन उसकी डिलीवरी होनी थी एक दो दिन में डिलीवरी होने के चलते उसका पति सोनू दिहाड़ी पर गया हुआ था और उसकी सास रुपये लेने के लिए अपने एक रिश्तेदार के पास गई हुई थी। इस दौरान रज्जो घर पर अकेली थी कि इसी दौरान रज्जो के प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। पीड़ा जब असहनीय हो गई तो वह अकेले ही घर से पैदल ही अस्पताल जा रही थी कि घर से कुछ दूरी पर चलने के बाद उसको डिलीवरी पेन बढ़ गई।

एक मकान की दीवार को पकड़ कर बैठ गई। आसपास की महिलाओं ने एंबुलेंस को बुलाया। लेकिन इस दौरान महिला ने दर्द बढ़ने पर वहां मौजूद महिलाओं ने गर्भवती महिला को कवर कर सड़क पर ही महिला की सफलता पूर्वक डिलीवरी करवाई और बाद में मां बेटे को नागरिक अस्पताल ले जाया गया।





## खबर संक्षेप

### 3 अंतरिक्ष यात्रियों संग रूस का सोयूज रवाना

**मॉस्को।** रूस का एक सोयूज रॉकेट तीन अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर शनिवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हो गया। इससे दो दिन पहले इसका प्रक्षेपण अंतिम मिनट में टाल दिया गया था। नासा के अंतरिक्ष यात्री ट्रेसी डायसन, रूस के ओलेग नोवित्स्की और बेलारूस की मरीना वासिलिव्स्काया को लेकर अंतरिक्ष यान कजाकिस्तान स्थित रूसी-पट्टे वाले बैकोनूर प्रक्षेपण केंद्र से रवाना हुआ। इसे बृहस्पतिवार को प्रक्षेपित किया जाना था, लेकिन निर्धारित उड़ान देरी से हुई।

### सपा विधायक अभय को मिली वाई सुरक्षा



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश के समाजवादी पार्टी विधायक अभय सिंह की सुरक्षा में इजाफा किया है। उन्हें वाई कैटेगरी की सुरक्षा दी गई है। अभय सिंह पिछले कुछ महीनों में अपने सियासी कदमों के चलते चर्चा में रहे हैं, क्योंकि उन्होंने राज्यसभा चुनावों के दौरान भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट डाला था। इसको लेकर आरोप भी लगे थे कि भाजपा जोड़तोड़ कर रही है।

### एल्विश यादव को एक और केस में जमानत



**गुरुग्राम।** यूट्यूबर और बिग बॉस ओटीटी-2 विजेता एल्विश यादव को कॉन्टेंट क्रिएटर सागर ठाकुर उर्फ मैक्सटर्न से मारपीट वाले मामले में भी आज गुरुग्राम कोर्ट से जमानत मिल गई। एल्विश को दो दिन में यह दूसरी राहत है। इससे पहले नोएडा की एक अदालत ने भी एल्विश को रेव पार्टियों में सांपों का जहर सप्लाई करने के मामले में शुक्रवार को जमानत दे दी थी।

## मैदान में कूदीं सुनीता केजरीवाल, भावुक होकर पढ़ा सीएम का पत्र

सीएम केजरीवाल ईडी की हिरासत में

# जल्द जेल से बाहर आऊंगा, दिल्ली सरकार की योजनाओं को चालू रखें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अरविंद केजरीवाल के शराब घोटाले में जेल जाने के बाद उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल मैदान में उतरी हैं। केजरीवाल ने जेल से जनता के लिए अपना संदेश पत्नी सुनीता के माध्यम से ही सुनाया है। उन्होंने जल्द जेल से बाहर आने का भरोसा दिखाया है। कार्यकर्ताओं से दिल्ली सरकार की योजनाओं को आगे चालू रखने को कहा है। सुनीता से यह संकेत मिल गए हैं कि यदि इस्तीफा देना पड़ा तो मुख्यमंत्री पद पर सुनीता ही उनकी पहली पसंद होंगी। आप इस घटना का भावनात्मक लाभ लेना चाहेगी।

यदि सुनीता क इस समय जनता के बीच जाती हैं और अपने पति के विषय में बात करती हैं, तो इससे लोगों की सहानुभूति मिल सकती है। आम आदमी पार्टी इस रणनीति का बखूबी लाभ उठाना चाहेगी। दूसरी आप कार्यकर्ता केजरीवाल के अलावा अन्य नेता नहीं मानते। यदि किसी दूसरे को सीएम पद की जिम्मेदारी दी जाती है, तो बगावत की संभावना बन सकती है।

**आप का नया पैंतरा, महिला को उतारा**

### इशारों -इशारों में केजरीवाल ने पत्नी को हाइलाइट कर दिया



केजरीवाल ही पार्टी के सर्वोपरि नेता

**विवेक सिंह बोले**

#### महिला होने का लाभ मिलेगा

विवेक सिंह ने कहा कि भाजपा के लिए भी किसी महिला नेता के खिलाफ कोई टिप्पणी करना आसान नहीं होगा। सीएम ममता बेनर्जी पर नकारात्मक टिप्पणी कर पार्टी नुकसान उठा चुकी है। बिहार का अनुभव बताता है कि शराब के खिलाफ चलाई गई कोई भी मुहिम किसी भी पार्टी के लिए लाभकारी साबित होती है। महिलाओं के लिए यह मुद्दा आकर्षक होगा।

**आतिशी का हाई वोल्टेज ड्रामा**

#### मन नहीं भरा तो गोली मार दो



मंत्री आतिशी मार्लेना, सौरभ भारद्वाज ने बीच सड़क काफी हंगामा किया। करीब एक घंटा हाई वोल्टेज ड्रामा चला। उन्होंने पुलिस वालों से कहा कि हमें गोली मार दो।

**ठग सुकेश चंद्रशेखर ने लिखा**

#### सरकारी गवाह बन केजरीवाल को बेनकाब करूंगा



ठग सुकेश चंद्रशेखर ने कहा कि केजरीवाल का तिहाड़ क्लब में स्वागत किया है। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में सुकेश ने कहा कि मैं उसे बेनकाब कर दूंगा, मैं केजरीवाल के खिलाफ सरकारी गवाह बनूंगा जाऊंगा।

**पात्रा का कांग्रेस से सवाल**

#### आपने कहा था केजरीवाल भ्रष्ट हैं, अब क्या हुआ?



भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा का कहना है कि आप भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और कोई जांच न हो। कांग्रेस ने केजरीवाल को भ्रष्ट बताया था। आज कहां है?


**सीएम सरमा का तंज**

#### केजरीवाल भ्रष्टाचार की वजह से जेल पहुंचे



असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि केजरीवाल किसी एजेंसी की वजह से नहीं बल्कि अपनी करनी की वजह से जेल में हैं।

**मोदी ने हाल ही में किया था उद्घाटन**




## 'सेला सुरंग' पर चीन बौखलाया और देने लगा आधारहीन दलीलें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पूर्वोत्तर भारत के पहाड़ों में ऊंचाई पर बनी एक सुरंग भारत और चीन के बीच बढ़ते सीमा विवाद का नवीनतम मुद्दा बन गई है। सेला सुरंग का उद्घाटन इस महीने की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। इसको भारत में इंजीनियरिंग की एक उपलब्धि के रूप में सराहा गया है। लगभग 13,000 फीट (3,900 मीटर) की ऊंचाई पर हिमालय के बीच से इसे बनाया गया है। यह भारतीय सेना के लिए एक वरदान है, जो चीन के साथ तनावपूर्ण सीमा तक हर मौसम में तेज पहुंच को सक्षम बनाता है। इसने इसने बीजिंग का ध्यान आकर्षित किया है।

#### चीन का बेतुका दावा

*हाल के दिनों में चीनी अधिकारियों ने सुरंग परियोजना और पीएम मोदी की राज्य यात्रा की आलोचना की है। चीन ने भारत पर सीमा पर शांति को कमजोर करने के लिए कदम उठाने का आरोप लगाया है। चीन के रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने पिछले हफ्ते फिर अपनी कारगुजारी का नमूना पेश करते हुए कहा कि हमें भारतीय पक्ष से सीमा के सवाल को जटिल बनाने वाली किसी भी कार्रवाई को रोकने की जरूरत है। चीनी सेना अत्यधिक सतर्क रहती है।*

**बीजापुर में मुठभेड़**

## दो नक्सली ढेर, आईईडी ब्लास्ट में 2 जवान जख्मी

एजेंसी ▶▶| बीजापुर



यहां नक्सल प्रभावित पीड़िया के जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 2नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया है। पुलिस विभाग के मुताबिक बीजापुर और दंतेवाड़ा के सरहदी इलाके में नक्सलियों के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन चलाया गया है। इस एंटी नक्सल ऑपरेशन में बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा के एसपी नजर बनाए हुए हैं।ऑपरेशन में डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और कोबरा के जवान शामिल हैं। बीजापुर एसपी डॉ. जितेंद्र यादव ने कहा कि पीड़िया के जंगलों में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है।

#### प्रेशर आईईडी का किया था इस्तेमाल

दूसरी ओर एंटी नक्सल ऑपरेशन में जाते हुए बस्तर फाइटर्स के दो जवान घायल हो गए हैं। घायल जवानों के प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से रायपुर भेज दिया गया है।

**होली के दिन दिल्ली मेट्रो के समय में किया बदलाव**

## मेट्रो सेवा दोपहर 2 बजे के बाद सामान्य अवधि में चलेंगी

### दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने खुद इसकी जानकारी साझा की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पूरे देश में 25 मार्च को होली का त्योहार मनाया जा रहा है। होली को लेकर दिल्ली मेट्रो ने भी अपनी टाइमिंग में बदलाव किया है। दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन ने खुद इसकी जानकारी देते हुए कहा कि होली के दिन मेट्रो सेवा दोपहर के बाद शुरू होगी। अधिकारियों ने कहा कि होली यानी 25 मार्च को नोएडा-ग्रेटर नोएडा मेट्रो पर यात्री सेवाएं दोपहर दो बजे से शुरू होंगी। नोएडा मेट्रो रेल निगम ने बताया कि दोपहर दो बजे के बाद ट्रेन 15 मिनट की सामान्य अवधि पर उपलब्ध होंगी।

#### दो बजे तक नहीं रहेगी मेट्रो की सुविधा



एनएमआरसी के प्रबंध निदेशक लोकेश एम होली के दिन मेट्रो सेवा को लेकर कहा कि होली के मौके पर दोपहर दो बजे तक मेट्रो सेवाएं बंद रहेगी. उन्होंने कहा कि मेट्रो ट्रेन सेवाएं दोनों टर्मिनल स्टेशन पर दोपहर दो बजे शुरू होगी और उसके बाद 15 मिनट की आवृत्ति पर सामान्य रूप से जारी रहेंगी। दिल्ली मेट्रो की सभी लाइन पर मेट्रो सोमवार सुबह से दोपहर दो बजे तक के लिए बंद रहेगी।

#### यहां लड़कियों ने 'गंदी' होली खेली



कुछ समय से डीएमआरसी की लगातार चेतावनी के बावजूद दिल्ली मेट्रो में नाच- गाना, लड़ाई-झगड़ा और बवाल रुकने का नाम नहीं ले रहे। कई ऐसे वीडियो आए जिसमें कोई मेट्रो में अश्लीलता करता दिखा तो कोई रील्स बनाता और कई बार सीट को लेकर झगड़े होते भी दिखे। होली से ठीक पहले आया ताजा मामला भी कुछ ऐसा ही है। इसमें दो लड़कियां होली के नाम पर इंस्टाग्राम रील के लिए मेट्रो में अश्लीलता कर दिख रही हैं।ट्रेन के फ्लोर पर सफेद सूट और साड़ी पहने बैठी दो लड़कियां बहुत ही अंतरंग तरीके से रंग खेल रही हैं। गाना चल रहा है- 'रंग लगा दे रे, मोहे अंग लगा दे रे...'। लड़कियां बड़ी अश्लीलता से एक दूसरे को न सिर्फ रंग लगा रही हैं बल्कि एक दूसरे की गोद में गिरी जा रही हैं। कोच में कई लोग सीटों पर बैठे दिख रहे हैं।

#### फिर से खोले गए मेट्रो स्टेशन

आईटीओ और लोक कल्याण मार्ग मेट्रो स्टेशनों को शनिवार को फिर से यात्रियों के लिए खोल दिया गया है। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी के प्रदर्शन को देखते हुए डीएमआरसी ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि दोनों स्टेशन अगली सूचना तक बंद रहेंगे।

### बिहार में 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित लड़कियों ने बाजी मारी

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) की इंटरमीडिएट (कक्षा 12) की परीक्षा के परिणाम शनिवार को घोषित किए गए जिसमें लड़कियों ने बाजी मारी है। एक अधिकारी ने बताया कि कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 87.21 रहा, जो पिछले साल के 83.73 प्रतिशत से बेहतर है। बीएसईबी के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि कुल 12,91,684 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिनमें से 11,26,439 उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा देने वाली 88.84 छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं जबकि 85.69 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। विभिन्न संकायों में शीर्ष स्थान पाने वाले विद्यार्थियों की भी घोषणा की गई। इसके मुताबिक सिवान जिले के मृत्युंजय कुमार ने विज्ञान में 96.2 प्रतिशत के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। सारण (छपरा) के दरियापुर निवासी तुषार कुमार ने कला संकाय में 96.4 प्रतिशत के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

### देश की आंतरिक सुरक्षा का मामला: मजूमदार



पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि आचार समिति ने सीबीआई छापे का सुझाव दिया है, इसलिए कार्रवाई की जा रही है। यह उनका कर्तव्य है। महुआ मोइत्रा पर आरोप हैं कि उन्होंने अपने अकाउंट का पासवर्ड किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा किया, यह देश की आंतरिक सुरक्षा का मामला है।

## दुश्मनों के छक्के छुड़ाएगी आकाश मिसाइल वायु रक्षा प्रणाली



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना की पश्चिमी कमांड ने शनिवार को बताया कि वज्र वायु रक्षा योद्धाओं ने स्वदेशी आकाश मिसाइल वायु रक्षा प्रणाली का सफलतापूर्वक अभ्यास किया। आकाश मिसाइल वायु को भारत में ही बनाया गया है। यह खतरनाक मिसाइल दुश्मनों के छक्के छुड़ाने में सक्षम है। सेना बताया कि आकाश मिसाइल वायु रक्षा प्रणाली मानव रहित हवाई वाहनों और गतिरोध हथियारों के खिलाफ सटीक मारक क्षमता का प्रदर्शन कर सकती है। भारतीय सेना की पश्चिमी कमांड ने एक बयान में बताया कि आकाश मिसाइल वायु रक्षा प्रणाली मानव रहित हवाई वाहनों और गतिरोध हथियारों के खिलाफ अपनी सटीक मारक क्षमता का प्रदर्शन करने में सक्षम है।


हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

इंडिया के नं 1 तांत्रिक गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटे में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन,सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289203

**ज्योतिष**

समस्या बताएं तुरंत समाधान पाये
नौकरी, व्यापार, मनचाहा प्यार, शादी, ग्रहकलेश, पति पत्नी में अनबन, सौतन–दुश्मनो से छुटकारा, मुकदमा रूठो को मनाना, तलाक में बाधा, बनते–बनते काम बिगड़ जाना, लव मैरिज आदि
दीपक शास्त्री
E-13, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली–59
8586896357

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, विकाश पुत्री महेंद्र सिंह, निवासी मकड़ानी तहसील और जिला चरखी दादरी बयान करती हूं कि मैंने ने अपना नाम विकाश कुमारी से बदलकर विकाश रख लिया है

**जॉब**

☞ भारतीय वनविभाग ने निकाला वामपर ऑफर, वनविभाग में 5070 सीट पर सीधी पक्की भर्ती, परमानेंट वैसेस पर (10th, 12th पास) लड़का लड़कियां आवेदन करें, पद-फॉरेस्टगार्ड क्लर्क, चपरासी, माली, सैलरी-(28670 से 35670), कॉल या व्हाट्सअप करे-9046968782


**अदालती ईश्तहार**

**न्यायालय श्री राजेश कुमार सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, कलानौर।**

इस अदालती ईश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुकदमा भीष्म बनाम प्यारे आदि बाबत तकसीम खेवट नं. 219/210 खतौनी नं. 237 खसरा नं. 4//18(1-9), 19(6-4), 20(8-2) किते 3 रकबा 15 कनाल 15 मरले व खेवट नं. 220//211 खतौनी नं. 238 खसरा नं. 4//(8-0), 12(9-2), किते 2 तादादी 17 कनाल 2 मरले कुल रकबा 32-17 मरले वाका मौजा खेरडी तहसील कलानौर जिला रोहतक इस न्यायालय में लंबित है। प्रतिवादी नं. 3ए बिमला पुत्री धर्मो 3बी, निर्मला पुत्री धर्मो 3सी, सुशीला पुत्री धर्मो 3डी, पुष्पा पुत्री धर्मो 3ई, धूप सिंह पुत्री धर्मो निवासीगण नजदीक वर्मा हास्पीटल गांव तलवमंडी राणा तहसील व जिला हिसार 7ए, रीना पुत्री सतो 7बी, अन्नु रीना पुत्री सतो 7सी, डिंपल रीना पुत्री सतो 7डी, अक्षय रीना पुत्री सतो निवासी गांव बलकारा डॉ. मौडी तहसील व जिला चरखी दादरी को बजरिये समन तलब किया जा चुका है परन्तु प्रतिवादी हाजिर अदालत नहीं आ रहा हैं। न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि प्रतिवादी की तलबी साधारण तरीके से नहीं हो पाई है इसलिए प्रतिवादी की तलबी बजरिये अखबारी ईश्तहार की जानी उचित है। अतः इस नोटिस द्वारा प्रतिवादी व आम जनता को सूचित किया जाता है कि वादग्रस्त भूमि में हितबद्ध प्रतिवादी या अन्य कोई व्यक्ति इस ईश्तहार के प्रकाशन तिथि से एक महीने की अवधी के अन्दर-अन्दर इस न्यायालय में स्वयं या अपने वकील के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकता है। हाजिर ना आने की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

अतः 20.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय से जारी किया गया है।

**हस्ता/- सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी कलानौर**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 Cr. P.C देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त व्यक्ति **अरूण विज/रशिका विज प्रोप. मैसर्स हरियाणा मशीनरी स्टोर,** 32, जी.टी. रोड, निधु सिनेमा के सामने, कुण्डली, हरियाणा और 122ए, जीवन नगर, सोनीपत, हरियाणा ने **सीसी संख्या 6857/2019 एवं 6858/2019 धारा 138 एनआई एक्ट** थाना करोल बाग, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अरूण विज/रशिका विज प्रोप. मैसर्स हरियाणा मशीनरी स्टोर** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अरूण विज/रशिका विज प्रोप. मैसर्स हरियाणा मशीनरी स्टोर** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा करते हुए अभियुक्त **अरूण विज/रशिका विज प्रोप. मैसर्स हरियाणा मशीनरी स्टोर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 23.04.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री दिव्या गुप्ता,**
**मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एनआई एक्ट)–05 (मध्य),**
**कमरा नं. 02, भूतल, बिल्डिंग एनेक्सी–I,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/3518/CD/2024
(Court Notice)

## राशिफल

**मेष** – मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें। कारोबार में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। भाई–बहनों का सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन** – मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं।

**सिंह** – शैक्षिक कार्यों में कठिनाई हो सकती है। सचेत रहें। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार के लिए विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**कन्या** – मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें। कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कोई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**तुला** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**वृश्चिक** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। आत्मसंयत भी रहे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।


**धनु** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। पिता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परन्तु जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।

**मकर** – वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। आय में वृद्धि

**कुंभ** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। क्रोध से बचें। सन्तान के स्वास्थ का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**मीन** – शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### शब्द पहेली - 5462



**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास–3
4.पानी से सराबोर–5
8.अंधकार–3
9.आक्रमण–3
10.दम, सुट्टा–2
12.समय, वक्त–2
13.कहानी लेखक–5
16.अपराधी, गुंडा–4
17.आलोकित होना–4
18.उद्देश्य, मंजिल–2
19.छाती, सिलना–2
20.जागरण–4
23.सफल, उत्तीर्ण–4
25.पत्नी का नाना–2,3
28.मार्ग, रास्ता–2
29.जरा, थोड़ा–2
31.वैमनस्य–3
33.पाजेब–3
35.जरुरतमंद–3,2
36.गदर, क्रांति–3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह–3
2.वोट,राय–2
3.हथियार, गोला–बारूद–4
4.सनसनी, रोमांच–4
5.एक विदेशी शराब–2
6.आफत, मुसीबत–2
7.उपपत्नी–3
11.बलिदानी–3
12.कार्य करने वाला–3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना–2,3
14.पानी, जल–2
15.निर्माण करने वाला–5
21.प्रकार–3
22.उम्मीद, आशा–2
24.भिखारी–3
26.ख्यात,प्रसिद्ध–4
27.मदिरापान–4
28.मदद,आराम–3
30.इससे कच्ची शराब बनती है–3
31.उस समय–2
32.नागालैंड की एक जाति–2
34.अधर, होठ–2

**शब्द पहेली- 5461 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | ■ | स | म | झ | दा | र |
| म | ■ | र | ह | म | ■ | म | द | न | ■ | म |
| र | त | ■ | ■ | ची | ■ | झौ | ■ | ■ | वा | णी |
| ख | स | ■ | ना | न | ख | ता | ई | ■ | य | य |
| ना | ला | य | क | ■ | त्म | ■ | मा | त | ह | त |
| ■ | ■ | ■ | क | था | ■ | का | न | ■ | ■ | ■ |
| प | न | घ | ट | ■ | आ | ■ | दा | न | वी | र |
| व | र | ■ | ना | ना | स | सु | र | ■ | र | वि |
| न | म | ■ | ■ | म | ■ | चा | ■ | ■ | ता | न |
| सु | ■ | आ | स | व | ■ | ल | ह | र | ■ | य |
| त | ल | ब | गा | र | ■ | न | क | ब | ज | न |

### सूडोकु नवताल- 5473

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5472 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

आईपीएल
सैम और लियाम ने की 67 रन की साझेदारी

# कुरैन की फिफ्टी, 4 विकेट से जीता पंजाब, फीकी रही पंत की वापसी

एजेंसी ▶▶ मोहाली

पंजाब किंग्स ने शनिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को चार विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। ऋषभ पंत 14 महीने बाद मैदान पर वापसी का जश्न जीत से नहीं मना सके। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद नौ विकेट पर 174 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। जवाब में पंजाब ने छह विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाकर मैच जीत लिया।

पंजाब के सैम कुरैन ने 47 गेंद पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 63 रन बनाए जबकि लियाम लिविंगस्टोन ने 21 गेंद पर नाबाद 38 रन बनाए जिसमें दो चौके और तीन छक्के शामिल हैं। इसमें सुमित कुमार पर अंतिम ओवर में जमाया गया विजयी छक्का भी शामिल है जिससे पंजाब ने 19.2 ओवर में 6 विकेट पर 177 रन बना कर जीत दर्ज की।



## ऋषभ की वापसी पर गूगल की स्पेशल पोस्ट

*भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की वापसी जमकर सुर्खियों में है। वह शनिवार को आईपीएल 2024 में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स मैच में मैदान पर उतरे। उन्होंने 15 महीने बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में कमबैक किया है। पंत का दिसंबर 2022 में भयानक कार एक्सीडेंट हुआ था, जिसमें गंभीर चोटें आईं। उन्हें सर्जरी करानी पड़ी और लंबे समय तक रिहैब से गुजरना पड़ा। 454 दिन बाद पंत की वापसी पर फैंस और क्रिकेट एक्सपर्ट काफी खुश हैं। वहीं, गूगल ने भी उन्हें लेकर स्पेशल पोस्ट शेयर की। गूगल इंडिया ने पीबीकेएस वर्सेस डीसी मैच शुरू होने से कुछ देर पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पंत के स्वागत में पोस्ट साझा की। गूगल ने लिखा, 'काफी लंबा इंतजार करना पड़ा, वापसी पर स्वागत है'। गूगल की पोस्ट में एक स्क्रीनशॉट भी है, जिसमें सवाल है कि 25/12/2022 को कितना वक्त गुजर चुका है? जवाब में लिखा है, '454 दिन'। वह 25 दिसंबर 2022 को आखिरी बार बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट में मैदान पर उतरे थे। बता दें कि पंत ने कमबैक मैच में 13 गेंदों में 2 चौकों की मदद से 18 रन बनाए।*



## पंत ने बनाए 18 रन

*दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे पंत ने 13 गेंद पर 18 रन बनाए जिसमें दो आकर्षक चौके शामिल हैं। दिल्ली के कप्तान पंत भी हालांकि अपने अन्य बल्लेबाजों डेविड वार्नर (29 रन), मिशेल मार्श (20), शाई होप (33) और अक्षर पटेल (21) की तरह अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए।*

## पोरेल ने एक ओवर में बनाए 25 रन

*पोरेल को इंपैक्ट प्लेयर के रूप में उतारा गया और वह टीम प्रबंधन के फैसले पर खरा उतरे। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने हर्षल पटेल (दो विकेट) के पारी के अंतिम ओवर में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 25 रन बटोर कर उनका गेंदबाजी विश्लेषण बिगाड़ दिया।*

### स्कोर बोर्ड

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| वॉर्नर का शर्मा बो पटेल | 29 | 21 | 3 | 2 |
| मार्श का चाहर बो अर्शदीप | 20 | 12 | 2 | 2 |
| होप का बरार बो रबाडा | 33 | 25 | 2 | 2 |
| पंत का बेयरस्टो बो पटेल | 18 | 13 | 2 | 0 |
| भुई का शर्मा बो बरार | 03 | 07 | 0 | 0 |
| स्टब्स का शशांक बो चाहर | 05 | 08 | 0 | 0 |
| अक्षर पटेल रन आउट | 21 | 13 | 2 | 1 |
| सुमित का शर्मा बो अर्शदीप | 02 | 09 | 0 | 0 |
| अभिषेक पोरेल नाबाद | 32 | 10 | 4 | 2 |
| कुलदीप यादव रन आउट | 01 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 10, कुल : 20 ओवर में 174/9
गेंदबाजी : कुरैन 1-0-10-0, अर्शदीप 4-0-28-2, रबाडा 4-0-36-1, बरार 3-0-14-1, चाहर 4-0-33-1, हर्षल 4-0-47-2

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| शिखर धवन बो शर्मा | 22 | 16 | 4 | 0 |
| जॉनी बेयरस्टो रन आउट | 09 | 03 | 2 | 0 |
| प्रभसिमरन का वॉर्नर बो कुलदीप | 26 | 17 | 5 | 0 |
| सैम करन बो अहमद | 63 | 47 | 6 | 1 |
| जितेश स्ट पंत बो कुलदीप | 09 | 09 | 1 | 0 |
| लियाम लिविंगस्टोन नाबाद | 38 | 21 | 2 | 3 |
| शशांक पंत बो अहमद | 00 | 01 | 0 | 0 |
| हरप्रीत बरार नाबाद | 02 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 19.2 ओवर में 177/6
गेंदबाजी : अहमद 4-0-43-2, इशांत 2-0-16-1, मार्श 4-0-52-0, अक्षर 4-0-25-0, कुलदीप 4-0-20-2, सुमित 1.2-0-19-0



रसेल ने 25 बॉल पर 64 रन बनाए सात छक्के भी मारे

# रसेल-सॉल्ट के बाद हर्षित की गेंदबाजी से जीता केकेआर

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

विकेटकीपर बल्लेबाज फिल सॉल्ट (54 रन) के संयमित अर्धशतक के बाद आंद्रे रसेल के 25 गेंद में तूफानी नाबाद 64 रन के बाद हर्षित राणा की अंतिम ओवर में की गई शानदार गेंदबाजी की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रोमांचक मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को चार रन से हराकर अपना अभियान जीत से शुरू किया। केकेआर ने जहां धीमी शुरुआत से उबरते हुए सात विकेट पर 208 रन बनाये। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद हेनरिक क्लासेन की आठ छक्कों जड़ित 63 रन की अर्धशतकीय पारी से जीत के करीब पहुंचकर 20 ओवर में सात विकेट पर 204 रन ही बना पायी। क्लासेन अंतिम ओवर की पांचवीं गेंद पर आउट हो गये, वर्ना मैच का नतीजा कुछ और हो सकता था। सनराइजर्स हैदराबाद अच्छी शुरूआत के बाद बीच में विकेट गंवाने से धीमी रन गति से मुश्किल में थी। लेकिन हेनरिक क्लासेन की 29 गेंद की धुआंधार पारी और उनकी शाहबाज अहमद के साथ छठे विकेट के लिए 16 गेंद में 58 रन की साझेदारी से जीत के करीब पहुंचकर महज चार रन से हार गयी। सनराइजर्स हैदराबाद का स्कोर 17वें ओवर के बाद पांच विकेट पर 149 रन था। उसे जीत के लिए 18 गेंद में 60 रन की दरकार थी, मैच उसके हाथ से निकल चुका था।

## खबर संक्षेप



### भुवनेश्वर रचेंगे इतिहास 150 विकेट से सिर्फ 4 दूर

**मुंबई।** भुवनेश्वर एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं. वह सनराइजर्स के लिए 150 विकेट लेने से सिर्फ 4 विकेट दूर हैं। भुवनेश्वर लीग में किसी एक फ्रेंचाइजी के लिए 150 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन सकते हैं। अब तक केवल लसिथ मलिंगा (मुंबई) और सुनील नरेन (कोलकाता) ने आईपीएल में एक टीम के लिए 150 या उससे ज्यादा विकेट लिए हैं। अब इस लिस्ट में भुवनेश्वर शामिल हो सकते हैं। आईपीएल के ओवरऑल रिकॉर्ड की बात करें तो भुवनेश्वर के खाते में 170 विकेट हैं। वह सनराइजर्स हैदराबाद से पहले पुणे वॉरियर्स इंडिया टीम के सदस्य थे। उन्होंने दोनों टीमों के लिए कुल 160 मैच खेले हैं।

### वसीम का यू-टर्न अपनी बात से पलटे

**कराची।** पाकिस्तान सुपर लीग के फाइनल में स्मोकिंग को लेकर चर्चा में आए इमाद वसीम अपनी बात से पलट गए हैं। टी20 वर्ल्ड कप को लेकर उन्होंने बड़ा फैसला लिया है। इमाद ने इस्लामाबाद यूनाइटेड की टीम को चैंपियन बनाने में बड़ा योगदान दिया था। उन्होंने फाइनल में मुल्तान सुल्तांस के खिलाफ फाइनल मैच में 5 विकेट लिए थे। अब इमाद ने टी20 वर्ल्ड कप में खेलने का मन बनाया है।ऑलराउंडर इमाद वसीम ने रिटायरमेंट से वापसी की घोषणा कर दी है। इससे वह इस जून में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान की नेशनल मेंस टीम के लिए उपलब्ध हो जाएंगे।



### पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान नहीं रहे

**लाहौर।** भारत के साथ 2000 के दशक के शुरुआती वर्षों में क्रिकेट रिश्ते बहाल करने में अहम भूमिका निभाने वाले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान का शनिवार को निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। पूर्व भारतीय कप्तान मंसूर अली खान पटौदी के रिश्तेदार शहरयार खान लंबे समय से बीमार थे। उनका जन्म भोपाल में हुआ था। वह 1990 से 1994 के बीच पाकिस्तान के विदेश सचिव रहे। इसके अलावा वह भारत और यूनाइटेड किंगडम में पाकिस्तान के उच्चायुक्त भी रहे। शहरयार पहली बार 2003 से 2006 के बीच पीसीबी के अध्यक्ष बने।



# करुणारत्ने का अर्धशतक श्रीलंका की 211 रन की बढ़त



एजेंसी ▶▶ सिलहट

सलामी बल्लेबाज दिमुथ करुणारत्ने (52 रन) के अर्धशतक की मदद से श्रीलंका ने शनिवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट मैच में शिकंजा कस दिया। श्रीलंका ने दूसरे दिन स्टंप तक पांच विकेट पर 119 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 211 रन तक पहुंचा दी।

पहली पारी में 280 रन पर सिमटने वाली श्रीलंकाई टीम ने तेज गेंदबाज विश्व फर्नांडो (चार विकेट) की बदौलत बांग्लादेश को 188 रन पर समेटकर 92 रन की बढ़त बनाई थी। लेकिन बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने दो झटके देकर दूसरी पारी में श्रीलंका का स्कोर दो विकेट पर 32 रन कर दिया।स्पिनर ताईजुल इस्लाम और मेहदी हसन ने क्रमशः एंजेलो मैथ्यूज (22) और दिनेश चांदीमल को आउट किया। इसके बाद करुणारत्ने ने टिककर खेलते हुए श्रीलंका की बढ़त 200 रन से पार करायी।स्टंप तक कप्तान धनंजय डि सिल्वा 23 और विश्व फर्नांडो दो रन बनाकर खेल रहे हैं।

# वर्ल्ड क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप टीम में कार्तिक और गुलवीर शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने 30 मार्च को सर्बिया के बेलग्रेड में होने वाली 'वर्ल्ड क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप' में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए छह सदस्यीय टीम में एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता कार्तिक कुमार को चुना है। टीम में शीर्ष स्तर के एथलीट शामिल हैं जिनमें एशियाई खेलों के पदक विजेता और राष्ट्रीय चैंपियन भी शामिल हैं।

एशियाई खेलों में 10,000 मीटर के रजत पदक विजेता कार्तिक कुमार, कांस्य पदक विजेता गुलवीर सिंह और राष्ट्रीय चैंपियन हेमराज गुज्जर पुरुष वर्ग में हिस्सा लेंगे। गुलवीर ने हाल में पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ स्पर्धा में 16 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा था। 25 साल के इस खिलाड़ी ने 27.41.81 सेकंड का समय निकालकर 2008 में सुरेंद्र सिंह के 28:02.89 सेकंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को 20 सेकंड से बेहतर किया। लेकिन उनका यह प्रयास उन्हें ओलंपिक कोटा दिलाने में विफल रहा क्योंकि वह पेरिस खेलों के 27:00.00 के क्वालिफिकेशन समय से 41 सेकंड से चूक गए थे।



# मुंबई में रोहित की विरासत आगे बढ़ाने की शुरुआत करेंगे हार्दिक

**अहमदाबाद।** हार्दिक पंड्या रविवार को यहां जब अपनी पूर्व टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में पहली बार मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे तो उनका लक्ष्य अपने पूर्ववर्ती रोहित शर्मा की विरासत को आगे बढ़ाना होगा। हार्दिक की अगुवाई में टाइटंस ने अपने पदार्पण सत्र में ही खिताब जीता था जबकि पिछली बार वह उपविजेता रहा था। यह ऑलराउंडर हालांकि इस सत्र में वापस मुंबई से जुड़ गया जहां उन्हें रोहित के स्थान पर कप्तान नियुक्त किया गया है। हार्दिक इसके साथ ही वनडे विश्व कप में चोटिल होने के बाद किसी टूर्नामेंट में खेलेंगे। टाइटंस ने हार्दिक की जगह शुभमन गिल को अपना कप्तान नियुक्त किया है जिन्हें कप्तानी का बहुत कम अनुभव है।

# लखनऊ और राजस्थान के मैच में राहुल पर रहेगी नजर



**जयपुर।** लखनऊ सुपर जाइंट्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच के दौरान भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल की फॉर्म और फिटनेस पर सभी की नजर टिकी रहेगी।राहुल चोटिल होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम चार टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। लखनऊ का कप्तान न सिर्फ एक बल्लेबाज बल्कि नेतृत्वकर्ता के रूप में भी अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगा। लखनऊ की टीम उनकी अगुवाई में पिछले दो सत्र में प्लेऑफ में जगह बनाने में सफल रही थी। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन भी आईसीसी टूर्नामेंट के लिए विकेटकीपर के रूप में भारतीय टीम में जगह बनाने के दावेदार हैं और वह भी शुरू से अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। रॉयल्स की टीम 2022 में फाइनल में पहुंची थी जहां उसे गुजरात टाइटंस से हार का सामना करना पड़ा था।

# पिछले 16 महीनों में पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचे श्रीकांत

एजेंसी ▶▶ बासेल

किदांबी श्रीकांत ने पिछले 16 महीनों में पहली बार किसी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचकर स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी बरकरार रखी। इस सत्र में अपना आठवां टूर्नामेंट खेल रहे श्रीकांत ने चीनी ताइपे के चिया हाओ ली को 35 मिनट तक चले मुकाबले में सीधे गेम में 21-10, 21-14 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया।

श्रीकांत इससे पहले आखिरी बार नवंबर 2022 में हाइलो ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत का अगला मुकाबला चीनी ताइपे के विश्व में 22वें नंबर खिलाड़ी से लिन चुन यी होगा। भारत के एक अन्य खिलाड़ी किरण जॉर्ज को हालांकि क्वार्टर फाइनल के एक संघर्षपूर्ण मैच में डेनमार्क के रासमस गेम्के से 23-21, 17-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी प्रियांशु राजावत भी चाउ टीएन चेन से 15-21, 19-21 से हारकर बाहर हो गए।



## चमके उत्तराखंड और दिल्ली के मुक्केबाज

*ग्रेटर नोएडा। उत्तराखंड और दिल्ली के मुक्केबाजों ने राष्ट्रीय सब जूनियर चैंपियनशिप में शनिवार को यहां प्रभावशाली प्रदर्शन करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उत्तराखंड के पांच मुक्केबाज अंतिम आठ में पहुंचने में सफल रहे। इनमें आदित्य मेहरा (35 किग्रा), प्रथम चंद (40 किग्रा), प्रज्वल सिंह भंडारी (49 किग्रा), नातियाक प्रसाद (58 किग्रा) और यश कापड़ी (70 किग्रा से अधिक) शामिल हैं। आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश और मणिपुर के चार-चार मुक्केबाज भी जीत के साथ लड़कों के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।*

## फुटबॉल...



**सिडनी।** वांडरर्स फुटबॉल पार्क में वेस्टर्न सिडनी वांडरर्स और वेस्टर्न यूनाइटेड के बीच ए-लीग महिला राउंड 21 मैच के दौरान गेंद के लिए जूझती खिलाड़ी।

## भारत और इंग्लैंड मैच के दौरान कमेंट्री में व्यस्त थे कार्तिक

# क्रिकेट और कमेंट्री के बीच सामंजस्य बिठाना चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चेन्नई

अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक कमेंट्री से जुड़ी अपनी प्रतिबद्धताओं के कारण पर्याप्त अभ्यास नहीं करने के बावजूद इंडियन प्रीमियर लीग के शुरुआती मैच में कुछ रन बनाकर खुश हैं।

पिछले आईपीएल के बाद कार्तिक ने विजय हजारे ट्रॉफी के रूप में एकमात्र क्रिकेट टूर्नामेंट खेला था। वह भारत और इंग्लैंड के बीच हाल में समाप्त हुई टेस्ट श्रृंखला के दौरान कमेंट्री करने में व्यस्त थे। उन्होंने स्वीकार किया कि इस दौरान अभ्यास के लिए समय निकालना बहुत मुश्किल था।

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बल्लेबाज कार्तिक ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 26 गेंद पर नाबाद 38 रन बनाए जिससे उनकी टीम 6 विकेट पर 173 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा करने में सफल रही। कार्तिक ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, 'कमेंट्री करते हुए टेस्ट मैचों के बीच क्रिकेट खेलने के लिए समय निकालना बेहद चुनौती पूर्ण था। मुझे जो भी समय मिलता था उसमें मैं कड़ी मेहनत करता था।'



## बेहद प्रभावशाली रही गायकवाड़ की कप्तानी

**चेन्नई।** अपने जमाने की दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर चेन्नई सुपर किंग्स के नए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के नेतृत्व कौशल से बेहद प्रभावित हैं। महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल से ठीक पहले गायकवाड़ को कप्तानी सौंप दी थी जिन्होंने इस करिश्माई कप्तान की देखरेख में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ मैच में प्रभावशाली प्रदर्शन करके अपनी टीम को 6 विकेट से जीत दिलाई। गावस्कर ने मैच के बाद कहा, 'निश्चित तौर पर कप्तान के रूप में आपका पदार्पण बेहद महत्वपूर्ण होता है। आप अपने कप्तानी करियर का आगाज जीत से करना चाहते हैं और यही हुआ। उसने जिस तरह से गेंदबाजी में बदलाव किए वह प्रभावशाली था।'

# हरियाणा ने तीसरा महिला सीनियर राष्ट्रीय हॉकी का खिताब जीता

एजेंसी ▶▶ पुणे

हरियाणा ने शनिवार को यहां महाराष्ट्र को शूटआउट में 3-0 से हराकर 14वां हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2024 खिताब अपने नाम किया। दोनों टीमें नियमित समय में 1-1 की बराबरी पर थीं। यह हरियाणा का तीसरा राष्ट्रीय खिताब है, उसने 2013 और 2020 में भी ट्राफी जीती थी। महाराष्ट्र ने लगातार दूसरी बार रजत पदक जीता। हरियाणा को भारतीय खिलाड़ी दीपिका ने 26वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर बढ़त दिलायी। महाराष्ट्र के लिए अक्षता अबासो ढेकोले ने बराबरी गोल किया।

इसके बाद शूटआउट में हरियाणा के लिए नवनीत कौर, ऊषा और सोनिका ने गोल किये। महाराष्ट्र की प्रियंका वानखेड़े, आकांशा सिंह और रूतुजा डाडासो पिसाल गोल करने से चूक गयीं। इससे पहले झारखंड ने मध्य प्रदेश को 2-0 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

## छेत्री 26 को खेलेंगे 150वां अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खिलाफ सीनियर पदार्पण करने के करीब दो दशक बाद भारत के करिश्माई फुटबॉलर सुनील छेत्री एक और उपलब्धि हासिल करने को तैयार हैं। वह मंगलवार को गुवाहाटी में अफगानिस्तान के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर में अपना 150वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने उतरेंगे। छेत्री इस उपलब्धि से 150 या इससे अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले फुटबॉलरों की सूची में दुनिया के 40वें खिलाड़ी बन जाएंगे जिसमें पुर्तगाली सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो (205) शीर्ष पर काबिज हैं।

**दिल्ली शराब नीति घोटाले में ईडी की एक्शन और उस मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद जहां आप और भाजपा के बीच सियासी संग्राम छिड़ा हुआ है, वहीं दिल्ली सरकार पर भी संकट गहराने का खतरा बढ़ गया है। गिरफ्तारी के बाद अरविंद केजरीवाल ने पद से इस्तीफा नहीं दिया है, इसलिए कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या वे जेल से सरकार चलाएंगे, यदि हां तो कैसे? यदि नहीं तो दिल्ली की कमान अब किसके हाथ में होगी? नए मुखिया या एलजी के हाथ में? अरविंद के जेल में रहने से क्या आम आदमी पार्टी एकजुट रह सकेगी? लोकसभा चुनाव में केजरीवाल के बिना आप चुनाव कैंपेन कैसे करेगी और नए नेता कितना प्रभाव डाल पाएंगे? जैसी की चर्चा है, अगर अरविंद केजरीवाल को अपना पद छोड़ना पड़ सकता है, तो उनकी पत्नी सीएम के रूप में दिल्ली की कमान संभाल सकती है, अगर ऐसा होता है तो पार्टी के समर्पित नेताओं को एकजुट रख पाना मुश्किल होगा। क्या विपक्षी गठबंधन इंडिया को कोई फायदा होगा? भ्रष्टाचार के विरोधी से भ्रष्टाचार के आरोप तक अरविंद की राजनीति का आंकलन करता आजकल का यह अंक...**

# सियासी चश्मे से न देखें गिरफ्तारी



विश्लेषण
प्रणय यादव
वरिष्ठ टीवी पत्रकार

**अब लोकसभा चुनाव का वक्त है। बीजेपी करप्शन को विपक्ष के खिलाफ बड़ा मुद्दा बना रही है, इसलिए विरोधी दलों के नेता करप्शन के कैसेज में हो रहे एक्शन को एजेंसियों के दुरुपयोग, और लोकतन्त्र को खत्म करने जैसा बता कर भ्रष्टाचार के मुद्दे की धार को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि इससे ईडी के एक्शन में कमी आएगी, इसकी उम्मीद नहीं करनी चाहिए, क्योंकि मोदी दस साल से देश के प्रधानमंत्री है। दो बार लोकसभा के इलेक्शन हो चुके हैं। हर बार चुनाव से पहले इस तरह के मुद्दे उठे, लेकिन पीएम का करप्शन के खिलाफ कमिटमेंट कम नहीं हुआ। एक्शन में और तेजी आई। विरोधी नेता जितना ज्यादा इस मुद्दे पर बोलेंगे। मोदी उससे ज्यादा करप्शन के खिलाफ अभियान को आगे बढ़ाएंगे।**

शराब घोटाले के केस में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी बड़ा चुनावी मुद्दा बन गया है। हालांकि यह मामला करप्शन का है, एक्शन ईडी का है, लेकिन सवाल सरकार पर उठ रहे हैं। इल्जाम ये है कि सरकार ने ईडी को विरोध की आवाज को दबाने का हथियार बना लिया है। सरकार की तरफ से तमाम तरह के तर्क दिए जा रहे हैं। कोर्ट के फैसले का हवाला दिया जा रहा है, चूंकि ईडी की गिरफ्त में विरोधी दलों के अनेक नेता फंसे हैं, इसलिए ये दावा किया जा रहा है कि सब सरकार के इशारे पर हो रहे हैं।

## सरकार पर सवाल

कुछ बातों पर ध्यान देना जरूरी है। ये सही है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पिछले छह सालों में कुछ ज्यादा सक्रिय हुआ है। उसके एक्शन में तेजी आई है, लेकिन गौर करने वाली बात ये है कि ईडी के मामलों में कन्विक्शन रेट बहुत कम या कहें कि न के बराबर है। करीब साढ़े पांच हजार केस दर्ज किए हैं, जिनमें से 24 मामलों में फैसला आया और 23 में सजा हुई है। चूंकि 24 कैसेज का फैसला आया और इनमें से 23 मामलों में सजा हुई है, इसलिए ईडी ये दावा कर सकता है कि कन्विक्शन रेट 98 परसेंट है। अगर कुल दर्ज मामलों के लिहाज से देखा जाए तो ये कन्विक्शन रेट शून्य ही कहा जाएगा। इसी आधार पर विरोधी दलों के नेता ये इल्जाम लगा रहे हैं कि ईडी विरोधियों को डराने का सरकार का हथियार बन गया है। सिर्फ केस दर्ज किए जाते हैं। विरोधियों को बदनाम किया जाता है, कुछ लोगों को जेल में डाला जाता है और उसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। इस मामले में ईडी का ये तर्क हो सकता है कि जांच करके तथ्यों और सबूतों को अदालत के सामने रखना उसका काम है। फैसला अदालत करती है, इसलिए कन्विक्शन रेट के आधार पर उसकी जांच की विश्वसनीयता और निष्पक्षता पर सवाल उठाना ठीक नहीं है।

## ईडी भी घेरे में

सवाल ये भी है कि अगर ईडी का एक्शन निष्पक्ष है तो फिर विरोधी दलों के नेताओं पर ही ईडी की नजर क्यों पड़ती है। सरकार ने पार्लियामेंट में पिछले साल जो आंकड़े रखे थे। उसके मुताबिक पिछले तीन सालों में ईडी ने पीएमएलए के तहत कुल 3110 कैसेज दर्ज किए थे, जबकि उससे पहले सात सालों में पीएमएलए के तहत हर साल औसतन दो सौ केस दर्ज हुए। पिछले तीन वर्षों में ईडी ने जो कार्रवाई की, उसमें करीब 95 परसेंट विरोधी दलों के नेताओं के खिलाफ हुई। एक अंग्रेजी अखबार में एक रिपोर्ट छपी थी, जिसमें कहा गया था कि 2014 से लेकर 2022 के बीच ईडी ने कुल 121 नेताओं के खिलाफ एक्शन लिया, जिनमें से 115 नेता विपक्ष के थे।



**अरविन्द केजरीवाल का मसला दूसरी तरह का है। कांग्रेस के नेताओं ने ही शराब नीति घोटाले की शिकायत दिल्ली पुलिस से की थी। अजय माकन व संदीप दीक्षित जैसे नेताओं ने केजरीवाल की गिरफ्तारी की मांग की थी, लेकिन अब चूंकि दिल्ली में कांग्रेस और आप का गठबंधन है, इसलिए वही अजय माकन व संदीप दीक्षित केजरीवाल की गिरफ्तारी को गलत बता रहे हैं।**

मनमोहन सिंह की सरकार के वक्त ईडी ने कुल 26 नेताओं के खिलाफ केस दर्ज किए इनमें से करीब आधे 14 विरोधी दलों के थे। आंकड़ों का फर्क ये दिखाता है कि विरोधी दलों के खिलाफ एक्शन में तेजी तो आई है। नेता इसे सियासी चश्मे से देख सकते हैं, लेकिन एक हकीकत ये भी है कि नरेन्द्र मोदी की सरकार से पहले ईडी के पास वो ताकत ही नहीं थी, वो अधिकार ही नहीं थे, जिनके जरिये वो एक्शन ले सके। पहले ईडी को केस दर्ज करने, सर्च करने और गिरफ्तारी करने का हक नहीं था,लेकिन मोदी सरकार ने कानून में बदलाव करके ये तीन अधिकार इस एजेंसी को दे दिए। पीएमएलए में गिरफ्तारी के बाद जमानत के नियम भी बहुत सख्त हैं। आसानी से जमानत नहीं मिलती। कानून का यही बदलाव करप्शन में फंसे नेताओं के लिए मुसीबत बन गया है। चूंकि इस तरह के मामलों में जितने लोगों के खिलाफ कार्रवाई हुई है, उनमें से ज्यादातर नेता विरोधी दलों के हैं, इसलिए ये सियासी मुद्दा बन गया है। सियासी घमासान मचा हुआ है।

## चुनाव के चलते बड़ा मुद्दा

चुनाव का वक्त है। कैंपेन शुरू हो गया है। पहले चरण के लिए नामांकन चल रहा है। इसी बीच केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई है, इसलिए ये मुद्दा बड़ा बन गया है। अब आम आदमी पार्टी के सामने बड़ा संकट है। केजरीवाल पार्टी के संयोजक हैं। पार्टी के सबसे बड़े कैंपेनर हैं। उनकी गैरमौजूदगी में लोकसभा इलेक्शन के कैंपेन को कौन लीड करेगा? केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री है। उनकी गिरफ्तारी के बाद अब क्या होगा? अगर वो इस्तीफा नहीं देंगे तो सरकार कैसे चलेगी और अगर इस्तीफा देते हैं तो उनकी जगह चीफ मिनिस्टर कौन होगा? आम आदमी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के सामने ये बड़े सवाल हैं। हालांकि केजरीवाल भी जानते थे और उनकी पार्टी के नेता भी कि गिरफ्तारी तय है, क्योंकि मनीष सिसोदिया और संजय सिंह पहले ही अरेस्ट हो चुके हैं और उनकी जमानत की अर्जियां भी खारिज हो चुकी हैं।

ईडी ने अब तक कोर्ट में जो खुलासे किए हैं। गवाहों और आरोपियों के जो बयान सामने आए हैं उसमें केजरीवाल का नाम है, इसलिए उनकी गिरफ्तारी तो तय थी। केजरीवाल राजनीति के चतुर खिलाड़ी हैं। वो दस कदम आगे की सोच कर चलते हैं, इसलिए ऐसा नहीं हो सकता कि केजरीवाल ने इस परिस्थिति के बारे में न सोचा हो, इसकी रणनीति न बनाई हो। चुनाव का वक्त है। विक्टिम कार्ड खेलने से सहानुभूति मिल सकती है, इसलिए आम आदमी पार्टी के नेता इसे बीजेपी की साजिश बता रहे हैं। इन इल्जामात से चुनावी फायदा हो सकता है। जनता को बात समझाई जा सकती है, लेकिन अदालत में ये सारे तर्क नहीं चलते। आप के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने गिरफ्तारी का विरोध करते हुए राउज एवेन्यू कोर्ट में इसी तरह के तर्क रखे, लेकिन बात नहीं बनी, क्योंकि ईडी ने कोर्ट में जो तथ्य और बयान पेश किए उससे जज संतुष्ट दिखे और केजरीवाल को रिमांड में भेजा।

## सियासी असर

केजरीवाल तो ईडी की रिमांड पर हैं, लेकिन उनकी गिरफ्तारी का सियासी असर ये हुआ कि सीटों के बंटवारे को लेकर एंटी मोदी मोर्चे में शामिल जो पार्टियों एक दूसरे को कोस रही थी वो एकजुट हो गई। उनकी दूरियां केजरीवाल की गिरफ्तारी ने मिटा दीं। जैसे ही केजरीवाल की रिमांड का फैसला आया तो कांग्रेस, आरजेडी, समाजवादी पार्टी, शरद पवार की एनसीपी, जेएमएम, सीपीएम, सीपीआई, उद्धव ठाकरे की शिवसेना, डीएमके, नेशनल कॉन्फ्रेन्स, और पीडीपी समेत तमाम दलों के नेता चुनाव आयोग के दफ्तर पहुंच गए। सबकी एक ही मांग है कि विरोधी दलों के ईडी का एक्शन सरकार के इशारे पर चुनाव के दौरान लेवल प्लेइंग फील्ड खत्म करने की कोशिश है। विरोधियों को बदनाम करने और विरोध के स्वर को दबाने की कोशिश है, इसलिए चुनाव आयोग को इसमें दखल देना चाहिए। चुनाव आयोग के पास सीमित ऑप्शन हैं। वह किसी मामले की जांच में दखल नहीं दे सकता।

जनता के मन में ये सवाल तो बैठ गया है कि आखिर ईडी की नजर हर बार विपक्ष के नेताओं पर क्यों पड़ती है। राज्यों में चुनाव हुए तो ईडी वहां एक्टिव हो गई। वहां भी विरोधी दलों के नेता निशाने पर रहे। छत्तीसगढ़ में चुनाव के वक्त गेमिंग एप का मसला उठा। भूपेश बघेल तक आंच पहुंची, लेकिन अब वो मामला शान्त है। कर्नाटक के इलेक्शन से पहले डीके शिवकुमार के खिलाफ एक्शन हुआ, लेकिन बाद में सुप्रीम कोर्ट ने उनके खिलाफ केस को रद कर दिया। बंगाल में इलेक्शन से पहले तृणमूल कांग्रेस के नेताओं की ताबड़तोड़ गिरफ्तारियां हुईं। तमिलनाडु में डीएमके के मंत्री के खिलाफ केस बना। हाल ही में झारखंड में ईडी के केस के कारण बड़ा सियासी बदलाव हुआ। हेमंत सोरेन के इस्तीफा देना पड़ा। उनकी गिरफ्तारी हो गई। चंपई सोरेन मुख्यमंत्री बन गए। हेमंत सोरेन जेल में हैं। मामला शान्त दिख रहा था। लेकिन अब हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन ने बीजेपी ज्वाइन कर ली। झारखंड में एक बार फिर सियासी बदलाव की चर्चा शुरू हो गई। बिहार में तेजस्वी य़ादव समेत लालू के परिवार के पांच लोग ईडी के निशाने पर हैं। ईडी राहुल गांधी और सोनिया गांधी से भी पूछताछ कर चुकी है, इसीलिए बार-बार ये कहा जा रहा है कि ईडी विरोधियों को परेशान करने का सरकार का हथियार बन गई। जबकि यह सच नहीं है, ईडी अपना काम कर रही है। ईउी के पक्षपाती एक्शन को साबित करने के लिए शुभेन्दु अधिकारी, हेमंत विश्वसर्मा, अजीत पवार और छगन भुजबल जैसे नेताओं का उदाहरण दिया जाता है। चूंकि ये बात सही है कि इन सभी नेताओं के खिलाफ करप्शन के इल्जाम थे। ये भी सही है कि बीजेपी के बड़े बड़े नेताओं ने इन सबके खिलाफ कैंपेन चलाया। सार्वजनिक तौर पर बयान दिए, लेकिन जब ये सारे नेता बीजेपी में शामिल हो गए या फिर बीजेपी के सहयोगी बन गए तो न सिर्फ उन्हें बड़े बड़े पद मिल गए बल्कि उनके कैसेज की चर्चा दब गई। इसीलिए विपक्ष के आरोपों का असर दिख रहा है।

हालांकि अरविन्द केजरीवाल का मसला दूसरी तरह का है। कांग्रेस के नेताओं ने ही शराब नीति घोटाले की शिकायत दिल्ली पुलिस से की थी। अजय माकन व संदीप दीक्षित जैसे नेताओं ने केजरीवाल की गिरफ्तारी की मांग की थी, लेकिन अब चूंकि दिल्ली में कांग्रेस और आप का गठबंधन है, इसलिए वही अजय माकन व संदीप दीक्षित केजरीवाल की गिरफ्तारी को गलत बता रहे हैं। पंजाब में केजरीवाल की पार्टी और कांग्रेस आमने सामने हैं, इसलिए पंजाब कांग्रेस के नेता केजरीवाल की गिरफ्तारी को सही ठहरा रहे हैं। कुल मिलाकर मामला सियासी है। जिसको जैसा सूट करता है वैसा बयान देता है, स्टैंड लेता है।

अब लोकसभा चुनाव का वक्त है। बीजेपी करप्शन को विपक्ष के खिलाफ बड़ा मुद्दा बना रही है, इसलिए विरोधी दलों के नेता करप्शन के कैसेज में हो रहे एक्शन को एजेंसियों के दुरुपयोग, और लोकतन्त्र को खत्म करने जैसा बता कर भ्रष्टाचार के मुद्दे की धार को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि इससे ईडी के एक्शन में कमी आएगी, सीबीआई की सक्रियता कुछ कम होगी। इसकी उम्मीद नहीं करनी चाहिए, क्योंकि नरेन्द्र मोदी दस साल से देश के प्रधानमंत्री है। दस सालों में सभी राज्यों में दो-दो बार इलेक्शन हो चुके हैं। दो बार लोकसभा के इलेक्शन हो चुके हैं। हर बार चुनाव से पहले इस तरह के मुद्दे उठे, लेकिन पीएम मोदी का करप्शन के खिलाफ कमिटमेंट कम नहीं हुआ। एक्शन में और तेजी आई। विरोधी दलों के नेता जितना ज्यादा इस मुद्दे पर बोलेंगे। मोदी उससे ज्यादा जोर जोर करप्शन के खिलाफ अभियान को आगे बढ़ाने की बात कहेंगे और मोदी जितना बोलेंगे, विरोधियों को नुकसान उतना होगा। इसलिए ईडी एक्शन को सियासी चश्मे से न देखें।

# दिल्ली सरकार पर संकट का साया



गिरफ्तारी
योगेश कुमार सोनी
वरिष्ठ पत्रकार

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद देश में सियासी माहौल बहुत गर्म हो चुका है। जैसे ही लोकसभा चुनाव तारीख तय हुई वैसे ही पक्ष-विपक्ष सीटों की घोषणा में लगा हुआ था, लेकिन बीते गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी से देश की राजनीति का माहौल बिल्कुल बदल गया। बीते शुक्रवार को आबकारी घोटाला मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को 28 मार्च तक की रिमांड पर भेज दिया। उन्हें स्पेशल जज कावेरी बावेजा की अदालत में राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था, जहां प्रवर्तन निदेशालय ने उनकी दस दिन की हिरासत की मांग की थी। तीन घंटे चली सुनवाई के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, लेकिन बाद में अदालत ने अपने फैसले में केजरीवाल को 28 मार्च तक की रिमांड पर भेज दिया। ईडी का प्रतिनिधित्व कर रहे एएसजी एसवी राजू ने अदालत को बताया कि एजेंसी ने पीएमएलए की धारा 19 के तहत आवश्यकताओं का अनुपालन किया है। उन्होंने कहा कि उनके रिश्तेदारों को सूचित कर दिया गया है और रिमांड आवेदन की प्रति उन्हें दे दी गई है। ऐसा पहली बार हुआ है कि पद रहते कोई मुख्यमंत्री गिरफ्तार हुआ है। इससे पहले इसी वर्ष जनवरी में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी गिरफ्तार किया गया था, लेकिन उन्होंने गिरफ्तारी से पद से इस्तीफा दे दिया था

## सबसे बड़ा सवाल

अब सवाल यह है कि आखिर कैसी संचालित होगी दिल्ली सरकार? पार्टी के अन्य तमाम नेताओं ने स्पष्ट कह दिया कि मुख्यमंत्री, अरविंद केजरीवाल ही बने रहेंगे, लेकिन जेल में रहते सरकार चलाना संभव है या नहीं, यह भी समझना होगा। दरअसल 1951 के जनप्रतिनिधि कानून में कहीं इसका जिक्र नहीं है कि जेल जाने पर किसी मुख्यमंत्री, सांसद, मंत्री या विधायक को इस्तीफा देना होगा। कानून के मुताबिक किसी मुख्यमंत्री को तभी अयोग्य ठहराया जा सकता है, जब उन्हें किसी मामले में दोषी ठहराया गया हो। जैसा कि अभी केवल गिरफ्तारी हुई है अभी तक दोषी नहीं ठहराया गया है। यदि केजरीवाल दोषी करार नहीं भी पाए जाते तो भी वह लंबे समय तक जेल से सरकार नहीं चला सकते। चूंकि जेल में हर काम सिस्टम के साथ होता है। जेल कानून के अनुसार, जेल में बंद हर कैदी को हफ्ते में दो बार अपने रिश्तेदार या दोस्तों से मिलने की इजाजत होती है। हर मुलाकात का समय भी आधे घंटे का होता है और स्पेशल केस में या व्यक्ति विशेष को सरकारी शक्तियां प्रयोग करने के लिए कोई भी अतिरिक्त अधिकार नहीं हैं। यदि किसी भी दस्तावेज पर साइन भी करना हो तो कोर्ट से इजाजत लेनी पड़ती है और यहां समझ सकते हैं कि दिन में सरकार चलाने के लिए कितनी दस्तावेजों पर साइन करने पड़ते



हैं। तमाम दांव पेचों से घिरा यह मामला दिल्ली सरकार के लिए आसान नहीं होगा।

## किसको फायदा किसे नुकसान

इसके अलावा अब यह समझना होगा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी से बीजेपी तो फायदा होगा या नुकसान? पूरी दुनिया में भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जिसने राजनीति के हर रंग को देखा है। कुछ राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी स्थिति में इतिहास के आधार पर सत्ता पक्ष को ही नुकसान होता है। जिसका उदाहरण हम 1974 में हुए जेपी आंदोलन से समझ सकते हैं, जो भी नेता जुड़े और जेल से आने के बाद उन्हें सहानुभूति मिली और उन्होंने अपनी पार्टी बनाई। आज भी सभी पार्टियों की देश में बड़े स्तर पर भागीदारी निभा रही हैं। तो यह कहा जा सकता है कि यहां केजरीवाल को सहानुभूति मिली तो चुनाव के समीकरण और बदल जाएंगे और बीजेपी को नुकसान होगा।

## एक वर्ग यह भी

वहीं दूसरी ओर एक अन्य वर्ग का मानना है कि हर एक घटनाक्रम की अपनी स्थिति होती है और यहां केजरीवाल के घोटाले को स्पष्ट देखा जा रहा है चूंकि ऐसा क्या हुआ कि जो पूरी दिल्ली में शराब के ठेकों की लाइन लगा दी और ऐसा क्या हुआ कि सारे ठेके एक साथ बंद हुए। केजरीवाल की इस नीति में पूर्ण रूप से घोटाला था, क्योंकि पहली बार किसी राज्य में बड़े स्तर पर शराब नीति का विरोध हुआ था। तो इस आधार पर यह माना जा सकता है इससे आम आदमी पार्टी को बड़ी क्षति होगी।

## कांग्रेस खुश

कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के संदर्भ में चर्चा करें तो निश्चित तौर पर कांग्रेस खुश है चूंकि स्पष्ट है कि केजरीवाल ने यदि किसी को सबसे ज्यादा क्षति पहुंचाई तो वह कांग्रेस है। दिल्ली के परिवेश में बात करें तो केजरीवाल को जितना वोटर्स है वह सारा कांग्रेस का है। लेकिन यहां भी सवाल यह ही है कि इससे कांग्रेस को फायदा होगा या नुकसान ? जैसा कि हाल ही में आम आदमी पार्टी के सभी चोटी के नेता जेल में हैं और प्रचार करने व अपनी बात रखने के लिए कोई बड़ा नेता जनता के बीच मौजूद नही हैं तो इससे कांग्रेस भरपूर फायदा उठा सकती है और दिल्ली के कुछ इलाकों में इसकी शुरुआत भी हो चुकी है। लेकिन वहीं दूसरी ओर कांग्रेस को साथ ही साथ नुकसान भी देखने को मिल रहा चूंकि इस बार दोनों गठबंधन में उतरी है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी को 4 व कांग्रेस को 3 सीट के आधार पर बंटवारा हुआ है, तो फाइट में कांग्रेस के पास कुछ बडा करने के लिए नही हैं। हां,लेकिन आगामी चुनाव पर आंतरिक तौर पर कांग्रेस अपने पुराने वोटरों को जोड़ने में जुट जरूर गई है।

## आरोप-प्रत्यारोप का खेल

बहरहाल, देश की राजधानी फिलहाल सियासी तौर पर एक बड़े संकट से गुजर रही है जिसके लिए एक कैसा नया प्रारूप तैयार होगा यह बताना मुश्किल है चूंकि स्थिति चारों कोण से उलझ सी गई है। जैसा कि हम आज की राजनीति में समझ सकते हैं कि खेल गुणवत्ताओं का कहीं नहीं दिखता, आरोप-प्रत्यारोप का खेल है और अब लोग किस पार्टी व किस नेता की किस चीज से प्रभावित या कू-प्रभावित हो सकते हैं, कहा नहीं जा सकता। जैसा कि दिल्ली की जनता आप व बीजेपी में बटी पड़ी है चूंकि अन्य राज्यों की अपेक्षा यहां फाइट वोट प्रतिशत लगभग बराबर होती है लेकिन बंटवारे में कांग्रेस कितना फायदा ले सकती है,देखना होगा। लेकिन फिलहाल दिल्ली में आम आदमी पार्टी के लिए चुनौतियां कम नही है। यदि केजरीवाल जल्दी जेल से बाहर आ गए तो भी बहुत कुछ बदलने की संभावना बन जाएगी।

# अब क्या होगी 'आप' की रणनीति



दिल्ली
रवि शंकर
वरिष्ठ पत्रकार

लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के साथ ही देश की सियासत पूरी तरीके से गर्म होती दिखाई दे रही है। दिल्ली शराब घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी ने राजनीति को और भी गर्म कर दिया है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आम आदमी पार्टी के संयोजक की गिरफ्तारी को लेकर कई लोग सवाल उठा रहे हैं। केजरीवाल की गिरफ्तारी ऐसे समय में हुई है जब उनकी आम आदमी पार्टी (आप) विपक्षी दलों के 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक के तौर पर दिल्ली, हरियाणा और गुजरात में लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के प्रयास रही है। सत्ता पक्ष और विपक्ष पूरी तरीके से आमने-सामने है, लेकिन अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से सबसे बड़ा प्रश्न यही उठ रहा है कि आखिर आम आदमी पार्टी के लिए भविष्य की राजनीति क्या रहने वाली है? दिल्ली के सीएम पद को लेकर क्या फैसला होगा?

## बढ़ गई मुश्किलें

'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' से निकले अरविंद केजरीवाल खुद भ्रष्टाचार के मामले में अरेस्ट होंगे इसकी कल्पना उन्होंने आंदोलन के समय कभी नहीं की होगी, लेकिन बड़ा सवाल यही है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी का क्या होगा? इसमें कोई दो राय नहीं है कि आम आदमी पार्टी में सर्वोच्च नेता अरविंद केजरीवाल ही है। पिछले 11 से 12 वर्षों में हमने लगातार देखा है कि आम आदमी पार्टी की राजनीति केजरीवाल के इर्द-गिर्द ही घूमती दिखाई दी है। केजरीवाल पार्टी के चाणक्य कहे जाते हैं और अब उनकी ही गिरफ्तारी से निश्चित ही पार्टी की मुश्किलें काफी बढ़ गई हैं। जिन नेताओं ने केजरीवाल से आगे बढ़ने की कोशिश की, उनकी पार्टी से छुट्टी भी हो गई। चाहे वे पार्टी के संस्थापक ही क्यों ना हो। इसमें हम योगेंद्र यादव, शाजिया इल्मी, कुमार विश्वास, प्रशांत भूषण, किरण बेदी जैसे लोगों का नाम ले सकते हैं। दिल्ली शराब घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल के बाद पार्टी में स्थान रखने वाले मनीष सिसोदिया और संजय सिंह पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। ऐसे में माना जा सकता है कि पार्टी के प्रसार और विस्तार पर थोड़ा ब्रेक जरूर लग गया है, क्योंकि वे लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी की योजनाओं और रणनीति के केंद्र में रहे हैं। उनकी अनुपस्थिति में पार्टी को अनिश्चितता का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि इसके कई दूसरे सीनियर नेता या तो जेल में हैं या राजनीतिक अज्ञातवास में। भले ही अरविंद केजरीवाल के बाद पार्टी को विस्तार देने में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, राघव चढ़ा, आतिशी और सौरव भारद्वाज का रोल काफी अहम रह सकता है, लेकिन जनता इन्हें कितना स्वीकार कर पाएगी, ये आने वाला वक्त बताएगा।

## केजरीवाल का असर

महज 12 साल की छोटी अवधि में केजरीवाल ने अकेले दम पर आम आदमी पार्टी को बीजेपी और कांग्रेस के बाद देश का सबसे तीसरा राष्ट्रीय दल बना दिया। आप का असर न केवल दिल्ली और पंजाब में है बल्कि सुदूर गुजरात और गोवा में भी देखने को मिला। अपनी एक दशक से अधिक लंबी राजनीतिक यात्रा में केजरीवाल ने कई तरह के कदम उठाए हैं। चाहे वे विपक्षी दलों के इंडिया गुट में शामिल होना हो, जिनके नेताओं की उन्होंने पहले भ्रष्टाचार के मुद्दों पर आलोचना की थी या 'नरम हिंदुत्व' दृष्टिकोण अपनाना, जिसका उदाहरण उनकी मुफ्त तीर्थयात्रा है। और हाल ही में दिल्ली विधानसभा में 'जय श्री राम' के नारे लगाए गए। एक बार उन्होंने देश की आर्थिक समृद्धि के लिए करेंसी नोटों पर गणेश और लक्ष्मी की फोटो लगाने की मांग की थी।

## टूट का खतरा

बहरहाल, केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी में टूट का भी बड़ा खतरा मंडरा रहा है। इसका बड़ा कारण है कि पार्टी वैचारिक रूप से बंधी नहीं है। जरूरत के हिसाब से पार्टी अपना स्टैंड लेती है। आप का लगातार दावा रहता है कि बीजेपी उनके विधायकों को तोड़ने की कोशिश करती है। ऐसे में जब केजरीवाल गिरफ्तार हो चुके हैं, उसके बाद पार्टी की स्थिति में थोड़ी कमजोरी जरूर देखी जा सकती है। ये सभी को पता है कि आम आदमी पार्टी को जो भी वोट मिलता है, वह केजरीवाल के नाम पर ही मिलता है। ऐसे में केजरीवाल की अनुपस्थिति में पार्टी को बड़ा नुकसान हो सकता है। पंजाब में भी पार्टी टूट की ओर बढ़ सकती है। हालांकि, अभी भी पार्टी अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने की कोशिश करेगी। तभी तो कहा जा रहा है कि केजरीवाल को गिरफ्तार किया जा सकता है, उनकी सोच को नहीं।

## पार्टी पर ही सवाल

खैर, ये पार्टी भ्रष्टाचार के ख़िलाफ हुए आंदोलन से निकली थी, इसलिए लगा था कि इस पार्टी का मूल या केंद्रीय विषय भ्रष्टाचार के ख़िलाफ लड़ाई होगा, लेकिन अब ये पार्टी भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बात नहीं करती है। शुरूआती दौर में भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी आक्रामक थी। एक वक्त केजरीवाल लिस्ट जारी करते थे कि देश में कौन-कौन से भ्रष्ट नेता हैं, लेकिन बीते कुछ साल में उन्होंने भ्रष्टाचार पर कोई बात नहीं की। भ्रष्टाचार अब उनके लिए मुद्दा नहीं रह गया है। इतना ही नहीं ये पार्टी शुरू में ही कहती थी कि हम ना तो कभी कांग्रेस के साथ जाएंगे, ना बीजेपी के साथ जाएंगे। इसका मतलब था कि ये पार्टी जो परंपरागत राजनीति है उनके साथ जाने को तैयार नहीं है। इन्होंने कांग्रेस के नेताओं और बीजेपी के नेताओं पर कई तरह के आरोप भी लगाए थे। कई नेताओं की लिस्ट जारी कर उन्हें भ्रष्ट क़रार दिया गया। लेकिन कांग्रेस के साथ मिलकर दिल्ली में सरकार भी बनाई और अब लोकसभा में भी कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने जा रही है।

## चर्चा का विषय

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद एक बात जिसकी चर्चा बीजेपी और आम आदमी पार्टी दोनों के ही समर्थक कर रहे हैं कि गिरफ्तारी का असर आगामी लोकसभा चुनावों के नतीजों पर कितना पड़ेगा? आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के समर्थकों का मानना है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी लोकसभा चुनावों में राजनीतिक संभावनाओं के लिए एक हथियार के रूप में काम करेगी, तो दूसरी तरफ बीजेपी का मानना है कि केजरीवाल के गिरफ्तारी से पार्टी कमजोरी होगी क्योंकि केजरीवाल आम आदमी पार्टी का मुख्य चेहरा हैं और केजरीवाल के बिना, आम आदमी पार्टी चुनाव प्रचार में कोई प्रभाव डालने की स्थिति में नहीं होगी। खैर, अरविंद केजरीवाल को जहां एक तरफ लोकसभा की तैयारी करनी थी तो दूसरी तरफ दिल्ली में कामकाज के लिए लिहाज से भी ये साल उनके लिए महत्वपूर्ण था, क्योंकि अगले साल की शुरूआत में ही विधानसभा चुनाव होगा। ऐसे में यदि केजरीवाल को कोर्ट से जल्द जमानत नहीं मिलती है तो पार्टी को मुश्किलों का सामना करते हुए दोहरे मोर्चे पर तैयारी करनी होगी। एक तो दिल्ली सरकार के कामकाज कैसे चलेंगे, इस बारे में रणनीति बनानी होगी, दूसरी, आप की लोकससभा चुनाव कैंपेन कैसे होगा?



## लोकसभा का रण | 5 लोकसभा सीटों के लिए इस बार 86.93 लाख मतदाता वोटिंग करेंगे

# जम्मू-कश्मीर : बदले सियासी समीकरण में होगा चुनाव

### दलों के सामने होगी नई चुनौतियां

ओ.पी. पाल ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद पहली बार लोकसभा का चुनाव बदले नक्शे और नए सियासी माहौल के बीच होने के कारण अपने आप में अलग की मायने रखता है, जहां दुनियाभर की नजरें लगी होंगी।

धारा 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर की पांच लोकसभा सीटों के नए परिसीमन से बदले राजनीतिक समीकरणों के बीच इस चुनावी महासंग्राम में सभी राजनीतिक दलों के सामने नई चुनौतियां होंगी। जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटने से पहले छह लोकसभा सीट होती थी, लेकिन जम्मू-कश्मीर से अलग किये गये लद्दाख के बाद पांच लोकसभा सीट रह गई हैं। मसलन जम्मू-कश्मीर के नक्शे और सियासी तस्वीर बदलने के बाद यह पहला लोकसभा चुनाव अपना अलग इतिहास बनाने की राह पर है। पांच अगस्त को जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद भौगोलिक, सामाजिक और राजनैतिक परिदृश्य में भी बदलाव किया गया है।

इन पांच सालों में हालांकि राज्य के मतदाता विधानसभा के चुनाव में मतदान करने का भी इंतजार करते आ रहे हैं। इस बदले परिदृश्य में लोकसभा और विधानसभा सीटों के नए परिसीमन ने भी भौगोलिक और राजनैतिक नक्शे का बदला है। इस बदले परिदृश्य और माहौल में राज्य में बदले सियासी समीकरणों के बीच सभी राजनैतिक दल और मतदाता पहली बार लोकसभा चुनाव के संग्राम का हिस्सा बनेंगे।

### नए परिसीमन में क्या बदला




जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक दृष्टि से हुए नए परिसीमन में इस बार जम्मू और कश्मीर संभाग में दो-दो लोकसभा सीटें बनाई गई हैं, जबकि इन दोनों संभागों से काटकर राजोरी-अनंतनाग को नई लोकसभा सीट बना दिया गया है। इस प्रकार सियासी दलों के सामने इस बदले राजनीतिक समीकरण के बीच नई रणनीति के साथ चुनावी रणनीति की चुनौती होगी। विशेषज्ञों के मुताबिक जम्मू व कश्मीर के हिस्सों से बनाई गई नई सीट पर सबकी नजरें होंगी।

### अब बदल गई हैं स्थितियां

पिछले चुनावों में आतंकवादी और पत्थरबाज हावी थे। अलगाववादी हड़ताल के कैलेंडर जारी करते थे। चुनाव बहिष्कार की कॉल के साथ मतदान करने से रोका जाता था। अब यह स्थितियां बदल गई हैं। पत्थरबाजी बंद हो गई है। अलगाववादियों व आतंकियों पर भी अंकुश है।

### प्रमुख राजनीतिक दल

राज्य की पांच लोकसभा सीटों पर प्रमुख रुप से भाजपा, कांग्रेस, जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस, जम्मू-कश्मीर पीडीपी प्रमुख रुप से सियासी मैदान में रहे हैं, लेकिन इस बार कांग्रेस के दिग्गज रहे एवं जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलामनबी आजाद भी चुनाव मैदान में अपनी नवगठित डेमोक्रेटिव प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के साथ चुनाव मैदान में होंगे।

### करीब 87 लाख मतदाताओं का चक्रव्यूह

जम्मू-कश्मीर की पांच लोकसभा सीटों के लिए इस बार 86.93 लाख मतदाता वोटिंग करेंगे, जिसमें 44.35 लाख पुरुष और 42.58 लाख महिला मतदाता शामिल हैं। इस बार केंद्र शासित प्रदेश में करीब 2.31 लाख नए मतदाता पहली बार चुनाव प्रक्रिया का हिस्सा बनने जा रहे हैं।

### एक दशक से नहीं हुए विधानसभा चुनाव

जम्मू-कश्मीर में 2014 के बाद अभी तक विस चुनाव नहीं हुए और राज्यपाल शासन की सरकार में धारा 370 हटने के बाद केंद्र सरकार राज्य के विकसित राज्य बनाने का दावा कर रही है। उस समय भाजपा ने पीडीपी के साथ गठबंधन में सरकार बनाई थी, लेकिन भाजपा ने समर्थन वापस लेकर सरकार गिरा दी थी और वहां राष्ट्रपति शासन लागू हो गया था और इसी दौरान जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर उसके केंद्र शासित राज्य घोषित करके उपराज्यपाल की तैनाती की गई।

### क्या है जातीय समीकरण

जम्मू-कश्मीर मुस्लिम बाहुल्य राज्य है, जहां मुस्लिम 68.31 प्रतिशत हैं। इसके अलावा हिंदू 28.44 प्रतिशत, सिख 1.87 प्रतिशत, ईसाई 0.28 प्रतिशत है। इसमें जहां तक जातीय समीकरण का सवाल है, उसमें सबसे ज्यादा सामान्य जाति 75 प्रतिशत है। जबकि अनुसूचित जाति 7.38 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति 11.91 प्रतिशत और सबसे कम ओबीसी सात प्रतिशत है।

### फिलहाल ये हैं सांसद

जम्मू-कश्मीर की पांच सीटों पर 2019 के लोकसभा चुनाव में तीन सीटों पर जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस पर कब्जा किया था, जबकि भाजपा के हिस्से में दो सीटें आई। मसलन बारामूला लोकसभा सीट से मोहम्मद अकबर लोन, श्रीनगर से फारूक अब्दुल्ला, अनंतनाग-राजौर से हसनैन मसूदी सांसद हैं। जबकि उधमपुर से भाजपा के डा. जितेन्द्र सिंह और जम्मू लोकसभा सीट से जुगल किशोर शर्मा ने जीत हासिल की थी।

### लद्दाख में भाजपा को हैट्रिक का मौका

जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद लद्दाख को अलग करके केंद्र शासित राज्य घोषित कर दिया गया था, जहां एक मात्र लोकसभा सीट पर 2014 और 2019 में भाजपा जीत हासिल करती आ रही है। इस बार लेह और कारगिल वाले लद्दाख सीट पर भाजपा के लिए हैट्रिक बनाने की चुनौती होगी। लद्दाख ऐसा केंद्र शासित प्रदेश हैं, जहां अभी तक अपनी विधानसभा नहीं है यानि बिना विधानसभा सीटों के लद्दाख भी लोकसभा चुनाव में अलग महत्व में रहेगा। इससे पहले हुए चुनावों में लद्दाख में छह बार कांग्रेस, दो बार नेशनल कांफ्रेंस और तीन बार निर्दलीय प्रत्याशी जीत दर्ज कर चुके हैं। साल 1989 के चुनाव में इस सीट पहली बार निर्दलीय प्रत्याशी मो. हसन कमांडर ने कांग्रेस की सियासत को अवरोधित किया और 2004 व 2009 में भी निर्दलीय सांसद चुना गया।

## इलेक्टोरल बॉन्ड योजना पर सियासी बयानबाजी तेज, आरोप-प्रत्यारोप

# कोई भी पार्टी धन के बगैर नहीं चल सकती : गडकरी

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

चुनावी बॉन्ड को लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि बिना धन के राजनीतिक पार्टी चलाना संभव नहीं है और कहा कि केंद्र ने 2017 में अच्छे इरादे के साथ चुनावी बॉन्ड योजना शुरू की थी, जिसे अब सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक करार दे दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि अगर उच्चतम न्यायालय इस मामले पर कोई और निर्देश देता है तो सभी राजनीतिक दलों को एक साथ बैठकर विचार-विमर्श करने की जरूरत है। उन्होंने यह टिप्पणी शुक्रवार को गांधीनगर के पास गिफ्ट सिटी में एक मीडिया हाउस द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में की। गडकरी ने चुनावी बॉन्ड के बारे में एक सवाल पर कहा 'जब अरुण जेटली (केंद्रीय वित्त) मंत्री थे, मैं चुनावी बॉन्ड के संबंध का हिस्सा था। कोई भी पार्टी संसाधनों के बिना जीवित नहीं रह सकती। कुछ देशों में, सरकारें राजनीतिक दलों को धन देती हैं। भारत में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। इस प्रकार, हमने राजनीतिक दलों के वित्तपोषण की इस प्रणाली को चुना। गडकरी ने कहा कि चुनावी बॉन्ड शुरू करने के पीछे का मुख्य उद्देश्य यह था कि राजनीतिक दलों को सीधे धन मिले, लेकिन (दाताओं के) नाम का खुलासा नहीं किया जाता है क्योंकि अगर सत्ता में पार्टी बदलती है तो समस्याएं पैदा होती हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि जिस तरह एक मीडिया हाउस को किसी कार्यक्रम के वित्तपोषण के लिए प्रायोजक की जरूरत होती है, उसी तरह राजनीतिक दलों को भी अपना कामकाज चलाने के लिए धन की जरूरत होती है।

### 'आपको जमीनी हकीकत देखने की जरूरत'

गडकरी ने आगे कहा कि 'आपको जमीनी हकीकत देखने की जरूरत है। पार्टियों को चुनाव कैसे लड़ना चाहिए? हम पारदर्शिता लाने के लिए चुनावी बॉन्ड को इस प्रणाली को लाए। इसलिए, जब हम चुनावी बांड लाए तो हमारा इरादा अच्छा था। अगर सुप्रीम कोर्ट को इसमें कोई कमी मिलती है और वह हमसे इसे सुधारने के लिए कहता, तो सभी दल एक साथ बैठेंगे और सर्वसम्मति से इस पर विचार-विमर्श करेंगे। मंत्री ने यह भी कहा कि हमारे देश और मूल्य-आधारित लोकतंत्र के हित में, सभी को एक पारदर्शी तरीका खोजने की जरूरत है। क्योंकि धन के बिना, पार्टियां कोई भी गतिविधि नहीं कर सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले महीने एक ऐतिहासिक फैसले में अप्रैल-मई के लोकसभा चुनावों से पहले चुनावी बांड योजना को रद्द कर दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह योजना बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संवैधानिक अधिकार के साथ-साथ सूचना के अधिकार का भी उल्लंघन करती है। तब से, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने चुनाव आयोग को चुनावी बांड से संबंधित डेटा के विभिन्न सेट जारी किए हैं, जिसमें योजना के तहत राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त धन के बारे में विवरण शामिल है।



सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा चुनावों से पहले योजना को रद्द किया

# चुनावी बॉण्ड प्री-पोस्टपेड रिश्वत मामला: जयराम

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया कि चुनावी बॉण्ड 'प्रीपेड रिश्वत और 'पोस्टपेड रिश्वत' का मामला है और इसकी उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच होनी चाहिए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि 'चंदाबताओ का सम्मान, अन्नदाताओं का अपमान' मौजूदा सरकार की नीति है। उन्होंने कहा कि केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने पर इस मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जाएगा। रमेश ने कहा कि पिछले महीने ही भारतीय स्टेट बैंक इसका भरपूर प्रयास कर रहा था कि किसी तरह 'चुनावी बॉण्ड' से संबंधित आंकड़े जारी करना वह समय 30 जून, 2024 तक टल जाए यानी आगामी लोकसभा चुनाव के काफी बाद तक। यह संभवतः मोदी सरकार के इशारे पर किया जा रहा था।" उन्होंने दावा किया, 'उच्चतम न्यायालय के बार-बार हस्तक्षेप और तल्ख टिप्पणी के बाद एसबीआई को अंततः 21 मार्च, 2024 को बॉण्ड के आंकड़े जारी करने पड़े। राजनीतिक दलों के साथ चंदा देनेवालों का मिलान करने में 'पायथन कोड' की मदद से 15 सेकंड से भी कम का समय लगा। इससे एसबीआई का यह दावा बेहद हास्यास्पद साबित हुआ है कि उच्चतम न्यायालय द्वारा मांगा गया डेटा उपलब्ध कराने में उसे कई महीने लगेंगे।



सुप्रीम कोर्ट की निगरानी वाली एसआईटी से हो जांच : कांग्रेस

### कांग्रेस ने 45 और उम्मीदवार घोषित किए

## मोदी के खिलाफ अजय राय और राजगढ़ से दिग्विजय को टिकट

नई दिल्ली (भाषा)। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को 45 उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की जिसमें सबसे प्रमुख नाम पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का है। अजय राय को वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ उम्मीदवार बनाया गया है तो दिग्विजय सिंह को मध्य प्रदेश के राजगढ़ से टिकट दिया गया है। पार्टी की ओर से जारी उम्मीदवारों की चौथी सूची के अनुसार, बसपा से कांग्रेस में शामिल हुए 17वीं लोकसभा के सदस्य दानिश अली को अमरोहा से टिकट दिया गया है। वह वर्तमान में इसी संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। कांग्रेस ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के चर्चित मुस्लिम नेता इमरान मसूद को सहारनपुर से उम्मीदवार बनाया है। उत्तर प्रदेश की बाराबंकी सीट से पूर्व सांसद पीएल पुनिया के पुत्र तनुज पुनिया को टिकट दिया गया है। महाराष्ट्र के नागपुर से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के खिलाफ विकास ठाकरे को उम्मीदवार घोषित किया गया है। कांग्रेस ने तमिलनाडु में अपने सांसदों मणिकम टैगोर को विरुधुनगर, कार्ति चिदंबरम को शिवगंगा, ज्योति मणि को करूर और विजय वसंत को कन्याकुमारी से उम्मीदवार बनाया है। पार्टी लोस चुनाव के लिए अब तक 183 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। उसने पहली सूची में 39, दूसरी सूची में 43 व तीसरी सूची में 56 उम्मीदवार घोषित किए थे।

पहली सूची में 39, दूसरी सूची में 43 व तीसरी सूची में 56 उम्मीदवार घोषित किए थे

### महाराष्ट्र

## अब तक 23 करोड़ की नकदी जब्त

मुंबई (भाषा)। महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों से अधिकारियों ने एक मार्च से अब तक 23 करोड़ रुपये की नकदी, 17 लाख लीटर शराब और 699 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किए हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एस. चोकालिंगम ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस जब्ती के संबंध में अब तक 13,141 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों के लिए 19 अप्रैल से 20 मई तक पांच चरणों में मतदान होगा। चोकालिंगम ने कहा कि मुंबई उपनगरीय जिले में सबसे अधिक 3.6 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की गई।

### दिल्ली में हुई भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक

## राज्यों की बची सीटों पर उम्मीदवारों पर मंथन

नई दिल्ली (भाषा)। लोकसभा चुनाव के लिए कई राज्यों में भाजपा के उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देने के लिए पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की शनिवार को यहां बैठक हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जे.पी.नड्डा समेत सीईसी के सदस्य बैठक में शामिल हुए, जहां उन्होंने संभावित उम्मीदवारों की सूची पर निर्णय लिया। इस बैठक में उत्तर प्रदेश और राजस्थान के उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा होने की संभावना थी। सीईसी पूर्व में दो बार बैठक कर चुकी है और अब तक 291 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित कर चुकी है। इन बैठकों में उत्तर प्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल, झारखंड, राजस्थान, हरियाणा, कर्नाटक, तमिलनाडु, उत्तराखंड, केरल और तेलंगाना समेत अन्य राज्यों की सीटों पर निर्णय लिया गया। भाजपा ने अभी तक इनमें से कुछ राज्यों में कई सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है।



## निर्वाचन आयोग ने भाकपा उम्मीदवार को अभिनेता टोविनो थॉमस के साथ फोटो के इस्तेमाल पर चेताया

त्रिशूर (भाषा)। निर्वाचन आयोग ने केरल की त्रिशूर लोकसभा सीट से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के उम्मीदवार वी एस सुनील कुमार को चुनाव प्रचार के लिए मलयालम अभिनेता टोविनो थॉमस के साथ अपनी तस्वीर का इस्तेमाल करने को लेकर चेतावनी दी है।



निर्वाचन आयोग की यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब कुछ दिन पहले ही सुनील कुमार ने अभिनेता थॉमस के साथ सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीर पोस्ट करके विवाद पैदा कर दिया था। थॉमस निर्वाचन आयोग के व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी कार्यक्रम (एसवीईईपी) के दूत हैं। अभिनेता ने खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा था कि वह एसवीईईपी के दूत हैं और चुनाव प्रचार के लिए उनकी तस्वीर का इस्तेमाल करना कानून के खिलाफ है।

## राष्ट्रीय लोक मोर्चा के बिहार अध्यक्ष रमेश सिंह कुशवाहा पत्नी संग जदयू में शामिल



पटना (भाषा)। बिहार में शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले जनता दल (यूनाइटेड) ने पूर्व विधायक रमेश सिंह कुशवाहा को पार्टी में फिर से शामिल कर लिया। रमेश सिंह कुशवाहा ने कुछ साल पहले पार्टी छोड़ दी थी और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोक मोर्चा में शामिल हो गए थे। बिहार के सिवान जिले की जीरादेई विधानसभा सीट का 2015 से 2020 तक प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व विधायक रमेश सिंह पत्नी विजय लक्ष्मी के साथ जद (यू) में शामिल हो गए।

## केजरीवाल का रुख भारतीय राजनीति को नुकसान पहुंचा रहा

मुंबई (भाषा) कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने शनिवार को कहा कि आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद अरविंद केजरीवाल को नैतिक आधार पर दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। आम आदमी पार्टी (आप)के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को बृहस्पतिवार रात को दिल्ली में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन वह दिल्ली के मुख्यमंत्री पद पर बने रहने को लेकर अड़िग हैं। निरुपम ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, "दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल अपने जीवन के सबसे बड़े संकट से गुजर रहे हैं। इंसानियत के नाते उनके प्रति सहानुभूति है। कांग्रेस पार्टी ने भी उन्हें सार्वजनिक रूप से समर्थन दिया है।



## जेल में दिल्ली के मुख्यमंत्री का कार्यालय स्थापित करने के लिए अदालत से अनुमति मांगेंगे : भगवंत मान



नई दिल्ली (भाषा)। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को कहा कि अगर दिल्ली के उनके समकक्ष अरविंद केजरीवाल को जेल भेजा जाता है, तो वे सरकार चलाने के वास्ते वहां उनका कार्यालय स्थापित करने के लिए अदालत से अनुमति मांगेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आप में केजरीवाल की जगह कोई नहीं ले सकता। यह पूछे जाने पर कि यदि केजरीवाल को न्यायिक हिरासत में भेजा जाता है तो वह अपनी सरकार कैसे चलाएंगे, इसपर मान ने 'पीटीआई-वीडियोज' से कहा, "ऐसा कहीं नहीं लिखा है कि सरकार जेल से नहीं चलाई जा सकती।" प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दिल्ली आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार किए गए केजरीवाल को अदालत ने 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया था। भाजपा ने केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की है। मान ने कहा कि कानून कहता है कि वह दोषी पाए जाने तक जेल से काम कर सकते हैं।

### भाजपा-जेडीएस में सीट शेयरिंग तय

## कर्नाटक में 28 सीटों पर मिलकर लड़ेंगे चुनाव



कर्नाटक में एनडीए में शामिल हुई जेडीएस ने भाजपा के साथ चुनावी गठबंधन किया है। दोनों के बीच सीट शेयरिंग का फार्मूला भी तय हो चुका है। भाजपा और जेडीएस 28 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जेडीएस के साथ सीट बंटवारे पर कर्नाटक राज्य चुनाव प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा, भाजपा और जेडीएस ने 28 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। भाजपा जेडीएस के समर्थन से 25 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और जेडीएस भाजपा के समर्थन से 3 सीटों पर चुनाव

### गुजरात: भाजपा के 2 नेताओं का चुनाव लड़ने से इनकार

गुजरात में वडोदरा की भाजपा सांसद रंजनबेन के चुनाव लड़ने मना करके बाद पार्टी को एक और झटका लगा है। साबरकांठा से भाजपा के प्रत्याशी भीखाजी ठाकोर ने भी चुनाव लड़ने से मना कर दिया है। भीखाजी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से इस फैसले की जानकारी दी है।



उन्होंनें लिखा है कि 'मैं भीखाजी ठाकोर व्यक्तिगत कारणों से साबरकांठा लोकसभा सीट से चुनाव नहीं लड़ना चाहता हू। कांग्रेस ने यहां से पूर्व सीएम अमर सिंह चौधरी के बेटे डॉ. तुषार चौधरी को मैदान में उतारा है।

### अनुशासनहीनता पर कार्रवाई

### बसपा के श्रावस्ती से सांसद वर्मा और भाई पार्टी से निष्कासित

अंबेडकरनगर जिले के निवासी श्रावस्ती सांसद राम शिरोमणि वर्मा और उनके भाई पार्टी नेता राम सुरेश वर्मा को बसपा ने निष्कासित कर दिया है। अनुशासनहीनता का आरोप लगाते हुए जिला कमेटी ने यह कार्रवाई की है।



अकबरपुर निवासी राम शिरोमणि वर्मा ने पिछला लोकसभा चुनाव श्रावस्ती से बसपा के जीत दर्ज कर सांसद बनने में सफल रहे थे।पिछले काफी समय से उनके दलबदल करने को लेकर कई तरह की अटकलें चली आ रही थीं। हालांकि सांसद द्वारा इसे मनगढ़ंत बताया जाता रहा। इस बीच पार्टी नेतृत्व से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिलाध्यक्ष सुनील गौतम ने शनिवार को अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में सांसद को पार्टी से बाहर कर दिया।

### इंडि गठबंधन फिल्टर कॉफी, चुनाव के बाद स्वाद और बढ़ेगा: शत्रुघ्न सिन्हा

कोलकाता। टीएमसी नेता और सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने विपक्षी गठबंधन इंडि एलायंस को 'फिल्टर कॉफी' बताया है।



आसनसोल के सांसद ने देशभर में 'क्रांतिकारी यात्रा' के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रशंसा करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा के बाद तृणमूल सुप्रीमो एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी की भूमिका 'रुख पलटने' वाली होगी। सिन्हा ने कहा कि चुनाव के बाद गठबंधन का स्वाद और बढ़ेगा।

## भागलपुर से अभिनेत्री नेहा के चुनाव लड़ने की चर्चा

बिहार में लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही अब उम्मीदवारों का ऐलान भी होने लगा है। महागठबंधन में अभी सीटों का बंटवारा फाइनल नहीं हुआ है. इस चुनाव में कई युवा चेहरे भी मैदान में उतारे जा रहे हैं। भागलपुर लोकसभा सीट को लेकर अभी संशय की स्थिति बनी हुई है। इस सीट पर राजद अपना उम्मीदवार उतारेगा या कांग्रेस इस सीट पर प्रत्याशी देगी, इसका फैसला बाकी है। इसी बीच कांग्रेस ने वॉलीवुड अभिनेत्री नेहा शर्मा को चुनावी मैदान में उतारने की उम्मीद जताई है।



### अगरतला में प्रचार रैली



अगरतला। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा और पूर्व सीएम बिप्लब कुमार देब शनिवार को रामनगर विधानसभा उपचुनाव से पहले भाजपा उम्मीदवार दीपक मजूमदार के समर्थन में चुनाव प्रचार रैली के दौरान के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए।

### भगोरिया उत्सव में पहुंचे शिवराज



सीहोर। शनिवार को मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के इछावर में लोकसभा चुनाव से पहले अपने चुनाव प्रचार के दौरान भगोरिया उत्सव के जश्न में भाग लेते विदिशा लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार शिवराज सिंह चौहान।

### आप के समर्थन में आए थरूर




तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस नेता शशि थरूर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आप कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

# क्या यूक्रेन ने कराया था मॉस्को में आतंकी हमला? रूस ने जेलेंस्की प्रशासन पर फोड़ा ठीकरा

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

मॉस्को के पास क्रोकस सिटी हॉल कॉन्सर्ट पर हुए आतंकवादी हमलों में मृतकों की संख्या बढ़ती जा रही है। अब तक 115 लोगों के मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 125 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। रूस की कानून प्रवर्तन एजेंसियां मॉस्को आतंकी हमले की जांच कर रही हैं।

**अमेरिका ने यूक्रेन की भूमिका को खारिज किया, इस्लामिक स्टेट समूह ने ली जिम्मेदारी**

इस बीच रूसी विदेश मंत्रालय ने दावा किया है कि इस हमले में यूक्रेन का हाथ था। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के सलाहकार मायखाइलो पोडोल्याक ने किसी भी संलिप्तता से इनकार किया। मायखाइलो ने एक्स पर पोस्ट किया, 'यूक्रेन ने कभी भी आतंकवादी तरीकों का इस्तेमाल नहीं किया है। इस युद्ध में सब कुछ मैदान पर ही तय होगा। वहीं, अमेरिका ने यूक्रेन की भूमिका को खारिज कर दिया है। हालांकि इस्लामिक स्टेट समूह ने बयान जारी कर इस हमले की जिम्मेदारी ली थी। एक अमेरिकी खुफिया अधिकारी ने बताया कि अमेरिकी एजेंसियों ने पुष्टि की है कि हमले के लिए वह समूह जिम्मेदार था।



### यूक्रेन 10 वर्षों से यूरोप में आतंकवाद के प्रसार का केंद्र

*रूस ने मॉस्को कॉन्सर्ट हॉल पर हुए आतंकवादी हमले का ठीकरा यूक्रेन पर फोड़ा है। रूसी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा है कि यूक्रेन पश्चिम की मदद से पिछले 10 वर्षों से यूरोप में आतंकवाद के प्रसार का केंद्र बनता जा रहा है। उन्होंने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि हम जानते हैं कि इस खूनी अपराध के पीछे के अपराधियों ने किस देश में योजना बनाई थी। यूक्रेन- यह वही देश है जो पश्चिमी उदावरवादी शासन की मदद से पिछले दस वर्षों से यूरोप में आतंकवाद के प्रसार का केंद्र बनता जा रहा है। वहीं, एलीट रूसी अल्फा एंटी टेररिज्म के पूर्व अधिकारी सर्गेई गोंचारोव ने दावा किया कि मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि मॉस्को हमले के आतंकवादियों को यूक्रेन ने उकसाया था।*

### यूक्रेनी सैन्य खुफिया प्रमुख हमले के लिए जिम्मेदार

इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ अल्फा वेटरन्स के अध्यक्ष सर्गेई गोंचारोव ने कहा कि शुक्रवार को मॉस्को में जो हुआ वह एक भयानक त्रासदी थी। इसलिए मुझे लगता है कि यूक्रेन जिम्मेदारी अस्वीकार कर देगा। क्योंकि कोई भी सार्वजनिक रूप से आतंकवादी हमलों को मंजूरी नहीं देता है। लेकिन किसी भी स्थिति में, फिलहाल मुझे ऐसा कोई कारक नहीं दिख रहा है जो हमें यूक्रेनी कनेक्शन से दूर ले जा सके। यह कोई अन्य संगठन भी हो सकता था, लेकिन मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि इसे यूक्रेन के नाजियों ने उकसाया था। विशेष रूप से, गोंचारोव का मानना है कि यूक्रेनी सैन्य खुफिया प्रमुख काइरिलो बुडानोव शुक्रवार के नरसंहार के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं।

### रूस खून का बदला खून से लेगा

*रूस के पूर्व राष्ट्रपति और नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के डिप्टी चेयरपर्सन दिमित्री मेदवेदेव ने कहा कि रूस खून का बदला खून से लेगा। आतंकवादी सिर्फ आतंक की भाषा ही समझते हैं। जब तक बल का मुकाबला बल से नहीं किया जाता और आतंकवादियों की मौत के साथ-साथ उनके परिवारों पर कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक किसी भी जांच का कोई मतलब नहीं।*

## खबर संक्षेप

### अब अमूल दूध पीएंगे अमेरिका के लोग




**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख डेयरी कंपनी अमूल अब अमेरिका में दूध का कारोबार करेगी। अमूल ने अमेरिका में फ्रेश मिल्क प्रोडक्ट लॉन्च करने का प्लान बना रही है, जिसे लेकर गुजरात की इस कंपनी ने अमेरिका के पूर्वी तट और मध्यपश्चिमी बाजारों में फ्रेश मिल्क बेचने के लिए मिशिगन मिल्क प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (एमएमपीएम) के साथ डील की है। कंपनी के एमडी जयेन मेहता ने यह जानकारी दी।

### गैंगस्टर पुजारी को चीन से भारत लाया गया



**मुंबई।** हत्या, जबरन वसूली और अपहरण सहित कई गंभीर मामलों में वांछित गैंगस्टर प्रसाद पुजारी को शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात चीन से निर्वासन के बाद भारत वापस लाया गया। भारत लाए जाने पर मुंबई पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने बताया कि गैंगस्टर पुजारी उर्फ सुभाष विट्ठल पुजारी उर्फ सिद्धार्थ शेट्टी उर्फ सिद्धू उर्फ सिद्ध उर्फ जॉनी गैंगस्टर कुमार पिल्लई और छोटा राजन के गिरोह का पूर्व सदस्य है। वह चीन में रह रहा था।

## सिंगापुर में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा

# पाक आतंकवाद को प्रायोजित कर रहा अरुणाचल पर चीन के दावे हास्यास्पद

*विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सिंगापुर की नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) के इंस्टीट्यूट ऑफ साउथ एशियन स्टडीज (आईएसएएस) में कहा कि पाकिस्तान 'उद्योग स्तर' पर आतंकवाद को प्रायोजित कर रहा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर तीन दिवसीय सिंगापुर दौरे पर हैं। नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) के इंस्टीट्यूट ऑफ साउथ एशियन स्टडीज (आईएसएएस) में अपनी किताब 'व्हाई भारत मैटर्स' से जुड़े व्याख्यान के बाद सवाल-जवाब के दौरान विदेश मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान भारत के खिलाफ आतंकवाद को प्रायोजित कर रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान 'उद्योग स्तर' पर आतंकवाद को प्रायोजित कर रहा है। भारत इस समस्या को नजरअंदाज नहीं करेगा। पूर्वोत्तर भारत में अरुणाचल प्रदेश से लगी चीन की सीमा और भारतीय भूभाग पर चीन के दावों को लेकर एक सवाल के जवाब में डॉ. जयशंकर ने कहा कि चीन के दावे हास्यास्पद हैं।

**अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा**

**अरुणाचल में भारत अपने विकास कार्यक्रम जारी रखेगा**

### भारत आतंकवादियों को नजरअंदाज नहीं करेगा



### सीमा विवाद से जुड़ी चर्चा में उठाएंगे मुद्दा

*विदेश मंत्री ने कहा, सीमांत राज्य अरुणाचल 'भारत का स्वाभाविक हिस्सा' है। उन्होंने राजनेताओं के अरुणाचल दौरे का चीनी खेमे से विरोध किए जाने पर कहा, यह कोई नया मुद्दा नहीं है। चीन ने दावा किया है, उसने अपने दावे का विस्तार किया है। ये दावे शुरू में हास्यास्पद थे और आज भी हास्यास्पद बने हुए हैं। डॉ. जयशंकर ने कहा कि मुझे लगता है कि हम इस पर बहुत स्पष्ट और सुसंगत राय रखते हैं। यह कुछ ऐसा है जो सीमा विवाद से जुड़ी चर्चा का हिस्सा भी बनेगा।*

**अरुणाचल के बारे में आधारहीन तर्क**

विदेश मंत्री ने कहा कि हमने चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता की तरफ से भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के क्षेत्र पर बेतुके दावों से जुड़ी बयानबाजी देखी है। इस संबंध में आधारहीन तर्क दोहराने से ऐसे दावों को कोई वैधता नहीं मिल जाती। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा।

### सुभाष चंद्र बोस को दी श्रद्धांजलि



*विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को यहां एक समर स्मारक पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस और आजाद हिंद फौज के सैनिकों को श्रद्धांजलि देकर सिंगापुर की तीन दिवसीय यात्रा शुरू की। जयशंकर ने 'एक्स' पर लिखा, "नेताजी और आजाद हिंद फौज के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देकर सिंगापुर यात्रा की शुरुआत की। सिंगापुर में आईएनए स्मारक उनकी देशभक्ति और अदम्य साहस की पहचान है जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनी रहेगी।" जयशंकर सिंगापुर की अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ली सीन लूंग, उप प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री लॉरेंस वोंग और राष्ट्रीय सुरक्षा समन्वय मंत्री तेओ ची हेन से मुलाकात करेंगे।*

## विधेयकों को मंजूरी न मिलने के खिलाफ

### सुप्रीम कोर्ट पहुंची केरल सरकार, केंद्र, राष्ट्रपति के सचिव को बनाया पक्षकार

**केरल नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने एक असामान्य कदम उठाते हुए राज्य विधानसभा से पारित चार विधेयकों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा मंजूरी न दिये जाने के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। राज्य सरकार ने राष्ट्रपति द्वारा बगैर किसी कारण के विधेयकों को मंजूर न करने को असंवैधानिक कदम घोषित करने का न्यायालय से अनुरोध किया है। इन विधेयकों में विश्वविद्यालय कानून (संशोधन) (नंबर 2) विधेयक, 2021; केरल सहकारी सोसायटी (संशोधन) विधेयक, 2022; विश्वविद्यालय कानून (संशोधन) विधेयक, 2022; और विश्वविद्यालय कानून (संशोधन) (नंबर 3) विधेयक, 2022 शामिल हैं।



## बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट के संदिग्धों की पहचान

### दोनों 'आईएसआईएस' से हैं जुड़े आरोपी मुसाविर ने ब्लास्ट किया

बेंगलुरू (एजेंसी)। बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने संदिग्ध की पहचान कर ली है। आरोपी का नाम मुसाविर हुसैन शाजिब है। वह कर्नाटक के तीर्थहल्ली जिले के शिवमोग्गा का रहने वाला है। जांच एजेंसी ने शाजिब के एक और साथी की पहचान की है। उसका नाम अब्दुल मतीन ताहा है। ताहा तमिलनाडु पुलिस इंस्पेक्टर के विल्सन की हत्या के मामले में वांटेड था।



**1000 से अधिक सीसीटीवी खंगाले**

*सूत्रों के मुताबिक, एनआईए ने आसपास के 1,000 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच करते हुए आरोपी का पता लगाया। एनआईए के मुताबिक, ताहा हमेशा एक टोपी पहनता था जो उसने ट्रिप्लिकेन में रहने के दौरान खरीदी थी। संदिग्ध हमलावर शाजिब को विस्फोट के दिन वही टोपी पहने देखा गया था। जांच में पाया गया कि इस टोपी के सिर्फ 400 पीस ही बेचे गए थे। एक अन्य सीसीटीवी फुटेज में एनआईए अधिकारियों ने ताहा को चेन्नई के एक मॉल से टोपी खरीदते हुए पाया। विस्फोट के बाद संदिग्ध ने कैफे से कुछ दूरी पर टोपी गिरा दी थी।*






## पीएम मोदी ने आभार जताते हुए कहा

# भूटान के लिए भारत हमेशा एक विश्वसनीय दोस्त और साझेदार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भूटान का दो दिन दौरा करने के बाद दिल्ली वापस लौट आए हैं। पीएम ने हवाई अड्डे तक छोड़ने आए राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक का आभार जताया। गौरतलब है, भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के साथ-साथ प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे पीएम मोदी को हवाई अड्डे तक छोड़ने आए थे। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, 'मैं महामहिम भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के दिल्ली के लिए प्रस्थान करते समय मुझे विदा करने के लिए हवाई अड्डे पर आने के विशेष भाव से सम्मानित महसूस कर रहा हूं।' उन्होंने कहा कि भारत हमेशा भूटान के लिए एक विश्वस्त मित्र और साझेदार रहेगा।

### 10 हजार करोड़ रुपए देगा भारत

प्रधानमंत्री मोदी को शुक्रवार को भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया। यह सम्मान पाने वाले वह पहले विदेशी शासनाध्यक्ष हैं। मोदी ने भूटान सरकार की 13वीं पंचवर्षीय योजना के बारे में भी बात की और कहा कि हमारा पूर्ण समर्थन और सहयोग रहेगा। उन्होंने कहा कि अगले पांच साल में भारत सरकार इस दिशा में 10 हजार करोड़ रुपए मुहैया कराएगी। मोदी ने भूटान नरेश वांगचुक और प्रधानमंत्री टोबगे के साथ भी बातचीत की। उन्होंने भूटान के अपने समकक्ष के साथ बैठक के बाद कहा कि भूटान में प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे के साथ सार्थक चर्चा की। हमने भारत-भूटान संबंधों की समीक्षा की और सांस्कृतिक संबंध गहरे करने के साथ ही विकासात्मक साझेदारी बढ़ाने पर सहमत हुए।

## 'ऑपरेशन संकल्प' के तहत भारतीय नौसेना ने

# सोमालिया तट से 35 जलदस्युओं को पकड़कर मुंबई पुलिस को सौंपा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सोमालिया तट के पास एक अभियान में पकड़े गए 35 समुद्री लुटेरों को लेकर युद्धपोत आईएनएस कोलकाता शनिवार सुबह मुंबई पहुंचा। नौसेना ने यह जानकारी दी। उसने कहा कि यहां लाने के बाद इन समुद्री लुटेरों को मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया। यह कार्रवाई 'ऑपरेशन संकल्प' के तहत की गई, जिसके तहत भारतीय नौसेना के जहाजों को अरब सागर और अदन की खाड़ी में तैनात किया गया है ताकि क्षेत्र से गुजरने वाले नाविकों और मालवाहक पोतों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



### समुद्री डाकू जहाज ने की गोलाबारी

*नौसेना बताया कि आईएनएस कोलकाता ने समुद्री डाकू जहाज को अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुसार जांच के लिए रुकने का निर्देश दिया। हालांकि, समुद्री डाकू जहाज की तरफ से गोलीबारी शुरू कर दी गई। आईएनएस कोलकाता ने आत्मरक्षा में कार्रवाई की और समुद्री लुटेरों को आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया।*

**40 घंटे चला अभियान**

नौसेना ने कहा कि विशिष्ट सूचना के आधार पर 15 मार्च की सुबह शुरू हुए 40 घंटे से अधिक समय तक चले अभियान के दौरान आईएनएस कोलकाता ने अरब सागर में समुद्री लुटेरों के जहाज 'एक्स-एमवी रुएन' को रोका।

# अब ताइवान ने भी टिकटॉक बैन किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ताइवान ने टिकटॉक को देश के लिए खतरा बताया है। ताइवान के डिजिटल मामलों के मंत्री ऑड्रे टैंग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टिकटॉक को देश के लिए एक बड़ा घोषित किया है। टैंग ने इस बात पर जोर दिया कि टिकटॉक चीन की एक कंपनी के जरिए ऑपरेट किया जाता है और इससे देश की आंतरिक सुरक्षा को काफी खतरा है। इससे पहले भारत ने भी टिकटॉक को खतरा बताते हुए बैन कर दिया था जबकि देश में बड़ी तादाद में टिकटॉक यूजर्स की तादाद बढ़ गई थी। ताइवान ने बताया कि हाल ही में एक कानूनी सुनवाई के दौरान टैंग ने कहा कि हमने टिकटॉक को एक खतरनाक प्रोडक्ट की लिस्ट में रखा है। इससे ताइवान की आंतरिक सुरक्षा को काफी खतरा था। जैसा ताइवान में हुआ ठीक वैसा ही कुछ अमेरिका ने भी किया था। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने हाल ही में टिकटॉक की मूल कंपनी बाइटडांस को निशाना बनाते हुए एक विधेयक पारित किया है। टैंग ने खुलासा किया है कि ताइवान के डिजिटल मामलों के मंत्रालय ने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की आशंकाओं को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया है।






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25